दैनिक
नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्ष: 17 | अंक 181 | सीकर, सोमवार 31 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

मोदी बोले- युवा नशा मुक्ति थीम पर कंटेंट बनाएं

इस बार 8 करोड़ तिरंगा सेल्फी अपलोड की गई; देश में एवाकाडो की मांग बढ़ी

नई दिल्ली।

मन की बात का 137वां एपिसोड प्रसारित हो रहा है। पीएम ने कहा कि मन की बात नए प्रयासों सामने लाने का मंच है. उन्होंने युवाओं से नशा मुक्त भारत अभियान को प्रमोट करने की अपील की। उन्होंने युवाओं से नशा मुक्ति जागरूकता से जुड़ा कंटेंट बनाने को कहा।

पीएम ने कहा कि इस बार 8 करोड़ से अधिक तिरंगा सेल्फी अपलोड की गईं और सूर्यपथ तिरंगा के जरिए फिजी से लेकर दुनिया भर में तिरंगा शान से फहराया गया। फिजी के सुवा में सूर्य की पहली किरणों के साथ तिरंगा फहराया गया। इसके बाद, तिरंगा एशिया, अफ्रीका, यूरोप और फिर अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय मिशनों और चौकियों पर लहराता रहा।

उन्होंने आगे कहा कि कहा कि देश में एवाकाडो की मांग तेजी से बढ़ रही है और किसान इसकी खेती से शानदार कमाई कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश के कडपा में किसान वरदराज ने 4 टन एवोकाडो का उत्पादन कर स्थानीय बाजार में सप्लाई किया।

मन की बात के 137वें एपिसोड की बड़ी बातें

गंगा घाट की सफाई: पीएम मोदी ने कहा कि स्वच्छता का संकल्प लोगों की अपनी आदत बन जाए तो पूरी जगह की पहचान बदल जाती है। उन्होंने यूपी के रामपुर स्थित पटवाई गांव के आकाश और रोहन का उदाहरण दिया, जिन्होंने क्लीन-अप पटवाई टीम बनाकर युवाओं के साथ मिलकर चार गंगा घाटों की सफाई की, कई तालाब संवारे और एक टन से अधिक प्लास्टिक कचरा हटाया।

मिशन शक्तिसैट: पीएम मोदी बोले कि आज बेटियों के सपनों की उड़ान अंतरिक्ष तक पहुंच रही है। भारत के मिशन शक्तिसैट के जरिए 108 देशों की 12 हजार छात्राओं को सैटेलाइट टेक्नोलॉजी सीखने और इनोवेशन का मौका मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे पर इसकी एक खूबसूरत तस्वीर ग्रेटर नोएडा में देखने को मिली।

अभिनेता उत्तम कुमार को याद किया: पीएम मोदी ने कहा कि 3 सितंबर को महान अभिनेता उत्तम कुमार की जन्म-शताब्दी मनाई जाएगी। उन्होंने याद किया कि सत्यजीत रे ने फिल्म नायक की स्क्रिप्ट उत्तम कुमार को ध्यान में रखकर ही लिखी थी। पीएम ने कहा कि शुरुआती असफलताओं के बावजूद उत्तम कुमार ने कभी हार नहीं मानी।

वंदे मातरम: पीएम मोदी ने कहा कि अगस्त का महीना देशभक्ति के रंगों से भरा रहता है। वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने से यह साल और खास हो गया है।

महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित कर रही सरकार- मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 137वां एपिसोड सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण, नशा मुक्त युवा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर बात रखी। साथ ही, देश के विभिन्न इलाकों के लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव से भी रूबरू करवाया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक छोटा आइडिया बड़े बदलाव का कारण बन सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि अपने विचारों और नवाचारों को आगे बढ़ाते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। उन्होंने महिला सशक्तीकरण का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में लगभग 46 प्रतिशत यानी 35 लाख से अधिक लाभार्थी महिलाएं हैं, जो अपने छोटे व्यापार को बड़े कारोबार में तब्दील कर रही हैं।

उन्होंने युवा पीढ़ी से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान में जिस प्रकार युवाओं की भागीदारी देखने को मिल रही है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में भी युवा आगे बढ़कर भाग ले रहे हैं और विशेष पहलों के जरिए मिसाल कायम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार मातृशक्ति के लिए कल्याणकारी योजनाएं ला रहे हैं।

हनुमानगढ़ में भीषण सड़क हादसा

पिता-बेटे समेत 3 की मौत, 6 साल की बच्ची ने भी गंवाई जान

जयपुर. राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा-रावतसर रोड पर दर्दनाक सड़क हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति और 6 वर्षीय बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में गंभीर रूप से घायल तीसरे व्यक्ति ने भी जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. इस हादसे में अब कुल तीन लोगों की मौत हो चुकी है. पुलिस के अनुसार, पीलीबंगा-रावतसर रोड पर जीप नंबर ऋ्छ 31ष्ट 2522 और स्कूटी के बीच जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार सुनील (40) पुत्र ओमप्रकाश, निवासी वार्ड नंबर 22, पीलीबंगा और 6 वर्षीय परी पुत्र राकेश नायक, निवासी पीलीबंगा की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, हादसे में राकेश पुत्र पीरथा राम गंभीर रूप से घायल हो गया था. दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को संभाला और पुलिस को सूचना दी. गंभीर घायल राकेश को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय हनुमानगढ़ रेफर किया गया.

तुर्किये जा रही फेरी बोट समुद्र में पलटी, 7 की मौत

270 यात्री सवार थे, बोट के ऊपर चढ़कर जान बचाई

अंकारा/निकोसिया। मेडिटेरियन सी में तुर्किये जा रही फेरी बोट रविवार को समुद्र में पलट गई। यह फेरी यूरोपीय देश साइप्रस के उत्तरी तट से 270 से ज्यादा यात्रियों के साथ रवाना हुई थी। तुर्किये की मीडिया के मुताबिक, हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई है। उत्तरी साइप्रस के प्रधानमंत्री उनाल उस्तेल ने बताया कि अब तक 237 लोगों को बचा लिया गया है। कई यात्रियों ने पलटी बोट के ऊपर चढ़कर अपनी जान बचाने की कोशिश की थी। वहीं, 24 अन्य लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के बीच फेरी रवाना हुई थी और निकलने के करीब 15 मिनट बाद उसमें पानी भरने लगा। इसके बाद यह हादसा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, राहत और बचाव दल मौके पर लगातार जुटे हुए हैं।

सामाजिक सद्भाव और रिश्ते दांव पर लगाकर सत्ता हासिल करना राजनीति नहीं: एकनाथ खडसे

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता एकनाथ खडसे ने राज्य के राजनीतिक माहौल में आई भारी गिरावट पर खेद जताते हुए रविवार को कहा कि राजनीति को व्यक्तिगत रिश्ते और सामाजिक सद्भाव दांव पर लगाकर केवल सत्ता पाने का जरिया नहीं बनाया जाना चाहिए। खडसे ने अपने 75वें जन्मदिन के मौके पर यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के कटु माहौल के विपरीत, 2014 से पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष आपसी सम्मान बनाए रखते हुए मिलकर काम करते थे। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2014 तक अगर आप महाराष्ट्र की राजनीति को देखें, तो माहौल साफ-सुथरा और सौहार्दपूर्ण था। विपक्ष और सत्तारूढ़ दल साथ रहते थे, एक-दूसरे से संवाद करते थे और साथ मिलकर काम करते थे। वे एक-दूसरे की आलोचना तो करते थे, लेकिन व्यक्तिगत मतभेद कभी इस हद तक नहीं पहुंचे।'' उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत संबंध बनाए गए और वे आज भी कायम हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व नेता और अब राकांपा (शप) में शामिल हो चुके खडसे ने कहा कि भले ही समय के साथ सरकारें और राजनीतिक जुड़ाव बदलते रहते हैं, लेकिन अतीत और वर्तमान की राजनीतिक चर्चाओं में जो बदलाव आया है, वह बेहद खेदजनक है।

उन्होंने कहा, ''सरकारें आती-जाती रहती हैं, कार्यकर्ता बदलते रहते हैं, और लोग एक तरफ से दूसरी तरफ तथा एक पार्टी से दूसरी पार्टी में जाते रहते हैं।''

नेपाल में हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में 898 कर्मचारी फंसे

बाढ़ से अब तक 804 मौतें

काठमांडू।

नेपाल में बाढ़ के बाद हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में फंसे कर्मचारियों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 898 कर्मचारी अब भी फंसे हैं, जबकि 361 कर्मचारियों को अब तक बचाया जा चुका है। त्रिशूली-3 'ए' हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में कुछ कामयाबी मिली है। बचावकर्मी मशीनों की मदद से मिट्टी और गाद हटा रहे हैं। सुरंग में 6 इंच का छेद कर पाइप के जरिए हवा पहुंचाई जा रही है। अब इसे बड़ा कर मैनहोल बनाने की तैयारी है, ताकि बचाव दल सुरंग के अंदर जाकर लोगों की तलाश कर सके। 26 अगस्त को नेपाल की भोटेकोशी और त्रिशुली नदी में अचानक बाढ़ आ गई थी। इस आपदा में नेपाल में अब तक 788 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, तिब्बत में मरने वालों का आंकड़ा 16 पहुंच गया है।

10 मिनट के टी ब्रेक ने बचा ली 28 लोगों की जान! नेपाल से लौटे तीर्थयात्रियों ने सुनाई खौफनाक कहानी

नेपाल में आई विनाशकारी फ्लैश फ्लड के बीच आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के 28 तीर्थयात्री बाल-बाल बच गए। ये सभी कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए थे। शनिवार को सभी तीर्थयात्री सुरक्षित अपने-अपने घर लौट आए। तिरुपति की साइन इन ट्रेवल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर पेम्मासानी वेंकटरमण भी इस 28 सदस्यीय समूह का हिस्सा थे। उन्होंने बताया कि एक छोटी सी चाय की ब्रेक और सिर्फ 10 मिनट की देरी ने सभी 28 लोगों की जान बचा ली।

2 दिन बाद तेज बारिश की चेतावनी

लगातार दूसरे दिन सूखा रहा मानसून, अगस्त अंत में भी पारा 40 डिग्री के ऊपर

जयपुर।

राजस्थान में लगातार दूसरा दिन रहा, जब मानसून सूखा रहा। बारिश नहीं होने से प्रदेश के सभी शहरों में आसमान साफ रहा। श्रीगंगानगर में तापमान 40 डिग्री के ऊपर रिकॉर्ड हुआ।

वहीं, अलवर, टोंक, जोधपुर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं में अधिकतम तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में अगले तीन दिन मौसम साफ रहेगा। 2 सितंबर से राज्य में एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है, जिसके असर से पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियां फिर से शुरू होगी। 2 सितंबर को 10 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मानसून की एक्टिविटी रुकी हुई है: मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- मानसून ट्रफ इस समय अमृतसर, मुजफ्फरनगर, शाहजहांपुर, बस्ती, पटना होते हुए बंगाल की खाड़ी तक गुजर रही है। इसके चलते राजस्थान में बारिश की गतिविधियां अभी रूकी हुई है। मौसम केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले 3 दिन मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। राज्य में 2 सितंबर से मानसून एक बार फिर एक्टिव होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बने लो-प्रेशर सिस्टम के असर से राज्य के पूर्वी जिलों (भरतपुर, कोटा, जयपुर संभाग) में बारिश की गतिविधियां फिर से शुरू हो सकती हैं।

प्रमुख जिलों में मौसम का हाल

जयपुर: पूरे दिन आसमान साफ रहा और धूप रही। हालांकि तापमान में मामूली गिरावट होने से अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में अगले तीन दिन बारिश की संभावना नहीं है।

अजमेर: मानसून की गतिविधियां कमजोर बनी हुई हैं। सुबह से ही बादलों की आवाजाही रही, लेकिन बीच-बीच में धूप निकलने से गर्मी-उमस का एहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार अजमेर का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

उदयपुर: मौसम सामान्य रहा। सुबह से धूप तेज रही। दिन में उसम ने परेशान किया। मौसम केंद्र डबोक के अनुसार उदयपुर का अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री से. दर्ज किया गया।

अलवर: सुबह धूप खिलने के बाद दोपहर में गर्मी का असर देखने को मिला। अधिकतम तापमान करीब 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शाम तक भी मौसम सामान्य बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में अलवर समेत राजस्थान के कई हिस्सों में मानसून कमजोर रहने की संभावना है।

जोधपुर: मौसम सामान्य से थोड़ा गर्म रहा। अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से 0.2 डिग्री अधिक रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग ने आगामी कुछ दिनों के लिए बारिश को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया है।

कोटा: में बारिश नहीं होने से गर्मी व उमस बढ़ गई है। शहर में दिनभर धूप खिली रही। पारा 1 डिग्री बढ़ा। अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री व न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मानसून सीजन में कोटा मे अब तक औसत से 28त्न कम बारिश हुई है।

सीकर: दिन धूप निकली रही। यहां पर न्यूनतम तापमान 24.8 और अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री दर्ज किया गया। जिले में इस साल काफी कम बरसात हुई है। बीते करीब 15 दिनों में एक ही दिन बारिश हुई है। मौसम साफ रहने के कारण गर्मी-उमस भी बढ़ गई है।

लखनऊ छावनी को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं, राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ ने 100 करोड़ रुपए से अधिक की 14 परियोजनाओं की रखी नींव

नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार, 30 अगस्त 2026 को लखनऊ छावनी में 100 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली 14 विकास परियोजनाओं का भूमि पूजन किया। इनमें राज्य सरकार के सहयोग से लागू की जा रही दो परियोजनाएं भी शामिल हैं। इन परियोजनाओं से छावनी क्षेत्र में जल आपूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, खेल, स्वच्छता, पार्किंग और नागरिक सुविधाओं के साथ शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में काम किया जाएगा। इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने करीब 4,000 लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को भी सुना। लखनऊ छावनी में शुरू की जा रही परियोजनाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र, आधुनिक श्मशान घाट, 1,500 किलोलीटर क्षमता वाला भूमिगत जलाशय, पुरानी और खराब हो चुकी जल आपूर्ति पाइपलाइन को बदलना, एससीएडीए स्वचालन के साथ आठ ट्यूबवेल का निर्माण और एससीएडीए प्रणाली से जुड़े ओवरहेड टैंक का निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य छावनी क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को आधुनिक बनाना है।

शिक्षा और खेल सुविधाओं पर जोर

परियोजनाओं के तहत लखनऊ छावनी में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष विद्यालय, आरए बाजार माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाओं और शौचालयों का निर्माण तथा रेनबो मॉडल स्कूल में अतिरिक्त कक्षाओं और शौचालयों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा बहुउपयोगी खेल परिसर भी विकसित किया जाएगा, जिससे युवाओं और बच्चों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

नवयत्न | कोबरी पोस्ट

नोखा से श्री मढ़ खुड़द धाम के लिए रवाना हुई डाक ध्वजा

निसं

नोखा (नवयत्न)। रविवार को सुबह नोखा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्री मढ़ खुड़द धाम के लिए डाक ध्वजा श्रद्धालुओं के साथ रवाना हुई। इस धार्मिक यात्रा में करीब 150 भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डाक ध्वजा के रवाना होने के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। डाक ध्वजा की विधिवत शुरुआत श्री करणी माता मंदिर से की गई। सुबह करीब 7 बजे मंदिर में जोत प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मंदिर के पुजारी ने विधि-विधान से पूजा संपन्न करवाते हुए डाक ध्वजा को श्याम भट्टड़ को सुपुर्द किया। पूजा-अर्चना के पश्चात डाक ध्वजा को श्रद्धालुओं की मौजूदगी में पुजारी श्याम एवं भगवान जी लोहिया ने रवाना किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने धार्मिक जयकारों के साथ यात्रा की शुरुआत की। माहौल पूरी तरह भक्तिमय नजर आया।

150 किलोमीटर की दूरी, करीब 7 घंटे में पहुंचेगी ध्वजा

डाक ध्वजा नोखा से लगभग 150 किलोमीटर दूर स्थित श्री मढ़ खुड़द धाम के लिए रवाना हुई है। श्रद्धालुओं के अनुसार ध्वजा को धाम तक पहुंचने में करीब 7 घंटे का समय लगेगा। यात्रा के दौरान श्रद्धालु धार्मिक भावना और उत्साह के साथ ध्वजा को धाम तक लेकर जाएंगे। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पहले से ही तैयारियां की गई थीं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए कई कार्यकर्ताओं ने जिम्मेदारी संभाली।

व्यवस्था में जुटे रहे कार्यकर्ता

डाक ध्वजा यात्रा की व्यवस्थाओं में लक्ष्मण सिंह, नारायण, गणेश, राधे, कुशाल, दर्शन, बजरंग सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धालुओं की सुविधा, यात्रा व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां संभालीं। डाक ध्वजा के रवाना होने के साथ ही श्रद्धालुओं में श्री मढ़ खुड़द धाम पहुंचकर दर्शन करने को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। धार्मिक आस्था और सामूहिक सहभागिता से आयोजित यह यात्रा नोखा के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का महत्वपूर्ण अवसर बनी हुई है।

मन की बात से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मिलती है नई ऊर्जा: दीया कुमारी

निसं

जयपुर (नवयत्न)। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 137वें संस्करण को लाइव सुना। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देशवासियों के साथ साझा किए गए महत्वपूर्ण विषयों और प्रेरणादायी विचारों को सुना। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण, देश के गौरवशाली इतिहास एवं विरासत के संरक्षण, नवाचार और जनभागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि मन की बात देशवासियों को राष्ट्र निर्माण के संकल्प से जोड़ने और जनभागीदारी की शक्ति को नई दिशा देने वाला सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम देश के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे लोगों और समाज के सकारात्मक प्रयासों को सामने लाने के साथ नागरिकों को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, हमारी ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण, नवाचार और जनभागीदारी जैसे विषय देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री इन विषयों को जन-जन तक पहुंचाकर समाज को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

निःशुल्क बीपी, शुगर एवं परामर्श शिविर आज

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा हर माह के अंतिम दिन लगाए जाने वाला 62 वां शिविर इस माह 31 अगस्त सोमवार को प्रात: 10 से दोपहर 12 बजे तक डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी हॉस्पिटल स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर में लगाया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक ने बताया कि शिविर में नि:शुल्क मधुमेह जांच, बीपी जांच और वजन करवा सकते हैं। तथा साथ ही डॉक्टर महेंद्र प्रसाद तिवारी मरीजों को शिविर में नि:शुल्क परामर्श भी देंगे। सैनी ने श्रीमाधोपुर और आसपास के क्षेत्र के रोगियों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

पुरानी धर्मशाला की जगह सार्वजनिक गेस्ट हाउस व डिजिटल लाइब्रेरी बनाने की मांग

निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। खेतड़ी के लोयल गांव में वर्षों से जर्जर पड़ी पुरानी धर्मशाला के स्थान पर सार्वजनिक गेस्ट हाउस एवं डिजिटल लाइब्रेरी पुस्तकालय के निर्माण की मांग को लेकर शिव शक्ति विकास समिति की ओर से ग्राम पंचायत को प्रस्ताव सौंपा गया है। समिति ने ग्राम पंचायत प्रशासक से आवश्यक अनुमति प्रदान करने की मांग की है। समिति की ओर से दिए गए पत्र में बताया गया कि गांव में स्थित पुरानी धर्मशाला काफी समय से जर्जर अवस्था में है। कई वर्षों से इसका उपयोग भी नहीं हो रहा है। ऐसे में इसके स्थान पर ग्रामीणों और विद्यार्थियों के हित में आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन का निर्माण किया जाना उपयोगी होगा। ग्रामीणों ने बताया गया कि गांव के बच्चों, युवाओं एवं छात्र.छात्राओं के उज्वल भविष्य तथा शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिव शक्ति विकास समिति द्वारा दानदाताओं एवं भामाशाहों के सहयोग से डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण करवाने की योजना है। समिति ने बताया कि यह एक रजिस्टर्ड संस्था है। और गांव के विभिन्न विकास कार्यों में अपनी भागीदारी निभाती रही है। प्रस्तावित डिजिटल लाइब्रेरी में ब्रॉडबैंड लाइन, वाई-फाई सिस्टम, कंप्यूटर सहित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की योजना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए वातानुकूलित एवं सुविधाजनक भवन का निर्माण किया जाएगा। इससे गांव के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए बेहतर माहौल मिल सकेगा। समिति ने ग्राम पंचायत से आग्रह किया कि पुरानी जर्जर धर्मशाला को नियमानुसार हटाने के लिए आगामी ग्राम सभा में प्रस्ताव रखा जाए। साथ ही अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पूरी कर उसके स्थान पर सार्वजनिक गेस्ट हाउस एवं डिजिटल लाइब्रेरी के निर्माण की वैधानिक अनुमति प्रदान की जाए। समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने से गांव में शिक्षा और सार्वजनिक सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर रघुवीर सिंह, मंदरूप सिंह, अरविंद काजला, महेंद्र सिंह, संजय कुमार, अरूण, विकास, जितेंद्र, सुमेर सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

खेतड़ी में खेल दिवस पर दो किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन

निसं

खेतड़ी (नवयत्न)। खेतड़ी में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रामकृष्ण मिशन के सौजन्य से रविवार को दो किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन के माध्यम से युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने के साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। मैराथन दौड़ को सीआई बुद्धि प्रसाद एवं रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। मैराथन कोलिहान नगर के प्रवेश द्वार से शुरू होकर खेतड़ी बस स्टैंड तक आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ करीब दो किलोमीटर की दूरी तय की। दौड़ के समापन के बाद रामकृष्ण मिशन परिसर में प्रतिभागियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अमित गुर्जर ने प्रथम, मनोज मीणा ने द्वितीय तथा सुरेश गुर्जर ने तृतीय स्थान हासिल किया। अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही अन्य प्रतिभागियों का भी उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर सीआई बुद्धि प्रसाद ने कहा कि युवाओं को खेलों से जुड़कर अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों को त्यागने तथा समाज हित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। रामकृष्ण मिशन सचिव स्वामी आत्मनिष्ठानंद महाराज ने भी युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और समाज के विकास में योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने युवाओं को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्वामी योगयुक्तानंद महाराज, अशोक सिंह शेखावत, कालीचरण गुप्ता, रमाकांत वर्मा, त्रिलोक जोधपुरी, कृष्ण कुमार, सुरेंद्र भारद्वाज, सुरेश कुमार, ग्यारसी लाल, महेश कुमार, गोपी राम, सुरेश सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

आवाम ग्रुप के सदस्यों ने मानवता रक्षार्थ रक्तदान किया

निसं

झुंझुनू (नवयत्न)। सामाजिक सरोकारों में कार्य करने वाले आवाम ग्रुप के सदस्यों ने आज बीडीके बल्ड बैंक में जाकर रक्तदान किया। सोशल मीडिया से जानकारी मिली कि बल्ड बैंक में बल्ड की कमी चल रही है। तो आवाम ग्रुप के रक्तवारियर्स ने आज बीडीके बल्ड बैंक में उपस्थित होकर 15 टीम सदस्यों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान राजेश हरिपुरा, संदीप टंडन, धर्मपाल कृष्णिया, सुनील हालू, अंकित तंवर, कर्मवीर सिरोवा, मदनलाल गुडेसर, देवकरण भूरिया, रविन्द्र नयासर, संजय कड़वासरा, अब्दुल अमन, सीताराम बास बुडाना, महेश जसरापुर, उमेश बुडाना, दीपक मेवानी, अजय वर्मा, रवि उपस्थित रहे।

भागवत कथा में दूसरे दिन सुनाई राजा परीक्षित व शुकदेव जन्म की कथा

निसं

बुगाला (नवयत्न)। मुख्य बाजार में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन पंडित राजेंद्र शास्त्री ने कहा भगवान से बढ़कर कोई और सुख संपदा नहीं हो सकती। भक्ति के मार्ग पर चलने वालों का सदैव कल्याण होता है। मानव विषय भोगों को छोड़कर भगवान पर मन लगाना चाहिए। इन्होंने भागवत महापुराण के माध्यम से राजा परीक्षित व शुकदेव के जन्म की कथा का वर्णन किया। शास्त्री ने कहा आप सब पर राधा-कृष्ण की असीम कृपा हुई है, जो कि सभी कथा का आनंद ले रहे हैं। अगर आप भगवान की कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं तो प्यासे बन कर के आइ, आपको बहुत कुछ मिलेगा। इस अवसर पर राजकुमार शर्मा दम्पति ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की। इस मौके पर अनेक लोग मौजूद रहे।

खेलगांव डेरावाली ने जीता बॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। कस्बे के निकटवर्ती सैन्य नि:शुल्क परिक्षण संस्था खेलगांव डेरावाली में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल का फाइनल मैच खेलगांव डेरावाली बनाम लुक ऑप्टिकल सीकर के मध्य खेला गया जिसमें खेलगांव डेरावाली टीम विजेता व उपविजेता लुक ऑप्टिकल सीकर रही। संस्था कमेटी द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी व नगद ईनाम 31000 उपविजेता टीम को ट्रॉफी व नगद ईनाम 21000 देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोच बिरजू सिंह सामोता, अनिल पीटीआई, योगेश शर्मा, महावीर गोदारा, आशीष सामोता, बनवारी लाल सामोता, दिनेश जाखड़, अनूप चौधरी, संदीप आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

बाबा खींवादास महाराज की 25वीं बरसी पर सांगलिया धूणी में दो दिवसीय आयोजन

कृष्ण जन्माष्टमी की रात सजेगा सत्संगए 5 सितंबर को समाधि पूजन के बाद होगा प्रसाद वितरण

नंदलाल गौड़

लोसल (नवयत्न)। सांगलिया धूणी में संत शिरोमणि बाबा खींवादास महाराज की 25वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर 4 और 5 सितंबर को दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में देशभर से साधु-संत और श्रद्धालु शामिल होंगे। बाबा खींवादास महाराज ने धार्मिक संदेश के साथ शिक्षा को भी विशेष महत्व दिया। उनके नाम पर स्थापित बाबा खींवादास स्नातकोत्तर महाविद्यालय आज क्षेत्र में उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र है, जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर ओमदास महाराज ने बताया कि 4 सितंबर, कृष्ण जन्माष्टमी की रात विशाल सत्संग समारोह होगा। इसमें आसपास के क्षेत्रों के साथ दूर-दराज से आने वाले भजन गायक और संत-महात्मा भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। 5 सितंबर को सुबह 9:15 बजे समाधि पूजन किया जाएगा, इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। बरसी के मौके पर धूणी परिसर में दो दिन तक साधु-संतों और श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहेगा। हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु सहित राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु बाबा की समाधि पर मत्था टेकने और मन्नत मांगने पहुंचेंगे।

देशराज अध्यक्ष सुभाष सैनी मंत्री व श्यामलाल सेन बने कोषाध्यक्ष

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विद्यालय शिक्षा खंड श्रीमाधोपुर के साधारण सभा की बैठक रविवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्रीमाधोपुर में पालक कार्यकर्ता राकेश शर्मा सहसंयोजक प्रदेश मीडिया प्रकोष्ठ एवं गोकुल कुमार जांगिड़ पूर्व जिला संगठन मंत्री के सानिध्य में संपन्न हुई। साधारण सभा की बैठक में निवर्तमान कार्यकारिणी को भंग किया गया तथा साथ ही नवीन खंड कार्यकारिणी का प्रदेश नेतृत्व द्वारा निम्नानुसार मनोनयन किया गया जिसमें अध्यक्ष देशराज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, महिला उपाध्यक्ष बबीता चौधरी, मंत्री सुभाष चंद्र सैनी, तथा कोषाध्यक्ष श्याम लाल सैन साथ ही साधारण सभा की बैठक में अन्य पदों का सर्वसम्मति से मनोनयन निम्नानुसार किया गया। उपाध्यक्ष रामकिशन यादव, महिला मंत्री बबीता शर्मा, अध्यापक प्रतिनिधि रणवीर सिंह, वरिष्ठ अध्यापक रतन लाल, प्राध्यापक प्रतिनिधि रोहित सामोता, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि संजय कुमावत, महिला शिक्षक प्रतिनिधि संतोष जाखड़, संस्कृत शिक्षा प्रतिनिधि महेंद्र शर्मा, शारीरिकशिक्षक प्रतिनिधि युगल किशोर जाखड़, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रतिनिधि भँवर सिंह भावरीया, प्रयोगशाला सहायक प्रतिनिधि सुशील कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक महेंद्र मंगावा, प्रबोधक प्रतिनिधि सतवीर सिंह सामोता, कंप्यूटर अनुदेशक प्रदीप चौधरी, पंचायत शिक्षक सुरेंद्र पारीक, संयुक्त मंत्री भगवती प्रसाद ओर संदीप शर्मा का किया गया।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कार्यकारिणी का गठन

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अजीतगढ़ में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान विद्यालय शिक्षा जिला सीकर की अजीतगढ़ खंड कार्यकारिणी का गठन पर्यवेक्षक कार्यकर्ता शशिकांत शर्मा, व्याख्याता के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आए हुए अतिथियों का सम्मान किया गया तत्पश्चात निवर्तमान खंड अध्यक्ष भगवान सहाय गुर्जर सेवानिवृत्त के द्वारा गत वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष की सदस्य संख्या तथा कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई, उसके बाद पर्यवेक्षक कार्यकर्ता व्याख्याता शशिकांत शर्मा के द्वारा संगठन की रीति नीति का विस्तार से वर्णन किया गया । फिर कार्यकारिणी के पांच प्रमुख पदों का मनोनयन कर घोषणा की गई।

घोषणा के अनुसार हेमंत कुमार शर्मा, ब्लॉक साक्षरता समन्वयक का अध्यक्ष पद पर, शिंभूदयाल सैनी व्याख्याता, का मंत्री पद पर, गोपालराम यादव का वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर, अजीत सिंह संदर्भ व्यक्ति सीबीईओ कार्यालय का उपाध्यक्ष पुरुष पद पर, संजू सैनी अध्यापिका का उपाध्यक्ष महिला पद पर तथा सरिता शर्मा का महिला मंत्री पद पर मनोनयन किया गया। रामजीलाल गुर्जर को कोषाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार सैनी को अध्यापक सदस्य, किशनलाल गुर्जर को वरिष्ठ अध्यापक सदस्य, चेतराम कुमावत को प्राध्यापक सदस्य, योगेश कुमार शर्मा को उप प्रधानाचार्य सदस्य, निरंजन कुमार को शारीरिक शिक्षक सदस्य, सुमन को महिला शिक्षा शिक्षक सदस्य, शंकरलाल शर्मा को संस्कृत शिक्षक सदस्य, शुभम जोशी को प्रयोगशाला सहायक सदस्य, ओमप्रकाश मीणा को पुस्तकालयाध्यक्ष सदस्य, मंजु शर्मा को प्रबोधक सदस्य, ईशु यादव को कम्प्यूटर शिक्षक सदस्य और विजय पारीक को पंचायत शिक्षक के रुप में मनोनीत किया गया।

बारिश के अभाव में सूखने लगी फसलें, चंवले में न फूल आए न फलियां

निसं

बुगाला (नवयत्न)। अगस्त माह बीतने के बावजूद क्षेत्र में मानसून की बेरुखी किसानों के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। आसमान में बादल छाने के बाद भी बारिश नहीं होने से खेतों में खड़ी फसलों पर संकट मंडरा रहा है। पिछले कई दिनों से तेज धूप और उमस भरी गर्मी का दौर जारी है। पर्याप्त बारिश नहीं होने से खेतों की नमी खत्म हो गई है और फसलें मुरझाकर सूखने लगी हैं। क्षेत्र में चंवले की फसल पर भी बारिश की कमी का खासा असर देखने को मिल रहा है। किसानों के अनुसार चंवले की फसल में न तो पर्याप्त फूल आए हैं। और न ही फलियां बन पाई हैं। इससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। कई खेतों में फसलें पूरी तरह सूखने के कगार पर पहुंच गई हैं। किसान दिनभर आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इस समय फसलों को पानी की सख्त जरूरत है। समय पर बारिश नहीं होने से उनकी मेहनत और बुवाई पर खर्च की गई राशि डूबने का खतरा है। किसान नेता सुभाष बुगालिया सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित फसलों का सर्वे करवाकर गिरदावरी कराने तथा किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की है।

बगावत के डर से टिकट अटके, जनता ने कहा वोट हमारा, फैसला हमारा

भाजपा-कांग्रेस ने नहीं खोले पत्ते, कई वार्डों में पुराने चेहरों के खिलाफनाराजगी

सपना शर्मा

झुंझुनू (नवयत्न)। नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों की ओर से रविवार शाम खबर लिखे जाने तक पार्षद प्रत्याशियों की अधिकृत सूची जारी नहीं होने से राजनीतिक हलचल तेज हो गई। टिकट के दावेदार बेसब्री से सूची का इंतजार कर रहे हैं, वहीं पार्टियों के भीतर संभावित बगावत को लेकर भी मंथन का दौर जारी है। टिकट की घोषणा में देरी को इसी आशंका से जोड़कर देखा जा रहा है। दूसरी ओर शहर के वार्डों में मतदाताओं की चर्चाओं ने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी है। कई वार्डों में लोगों का कहना है कि पार्टी टिकट दे सकती है, लेकिन वोट तो वार्ड के लोग ही देंगे। ऐसे में पार्टी का चुनाव चिन्ह ही जीत की गारंटी नहीं है। प्रत्याशी का व्यक्तिगत व्यवहार, लोगों से संपर्क और वार्ड के प्रति उसकी सक्रियता इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

बार-बार आजमाया, उन्होंने क्या किया

कुछ वार्डों में पुराने पार्षदों अथवा पहले चुनाव लड़ चुके चेहरों को लेकर भी नाराजगी सुनने को मिल रही है। मतदाताओं का सवाल है। कि जिन्हें बार-बार मौका दिया गया और वे अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाए, उन्हें फिर मौका देने से क्या बदलाव आएगा। ऐसे में इस बार कई मतदाता पार्टी की पसंद से ज्यादा अपनी पसंद के प्रत्याशी को प्राथमिकता देने की बात कर रहे हैं। इससे दोनों प्रमुख दलों के लिए टिकट वितरण के बाद पैदा होने वाली स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है।

सूची जारी और सामने होगी असली तस्वीर

भाजपा और कांग्रेस की अधिकृत सूची जारी होने के बाद चुनावी तस्वीर और स्पष्ट होगी। टिकट से वंचित दावेदारों में कितने पार्टी के फैसले को स्वीकार करते हैं और कितने निर्दलीय या अन्य विकल्प के रूप में मैदान में उतरते हैं, यह आने वाले दिनों में सामने आएगा। फिलहाल झुंझुनू के राजनीतिक माहौल में सबसे बड़ा सवाल यही है कि पार्टियां किसे टिकट देती हैं और वार्ड की जनता किसे अपना वोट देती है। टिकट पार्टियों के हाथ में जरूर है, लेकिन जीत का अंतिम फैसला मतदाता के हाथ में ही रहेगा।

यह एमएलए-एमपी नहीं, वार्ड का चुनाव है

कई वार्डों में मतदाताओं के बीच यह बात प्रमुखता से सामने आ रही है। कि यह विधानसभा या लोकसभा का चुनाव नहीं है। यह सीधे वार्ड से जुड़ा चुनाव है और वार्ड के लोग आपस में विचार कर तय कर सकते हैं कि उनके बीच कौन लगातार रहा है और कौन आगे भी उनके काम आ सकता है। यही वजह है कि टिकट की घोषणा से पहले ही कई वार्डों में संभावित प्रत्याशियों को लेकर चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। कहीं नए चेहरे को मौका देने की बात हो रही है तो कहीं पुराने चेहरों के कामकाज का हिसाब-किताब लगाया जा रहा है।

सभापति की राजनीति पर भी वार्डों में चर्चा

चुनावी चर्चाओं में सभापति पद को लेकर संभावित जोड-तोड़ भी पीछे नहीं है। एक-दो वार्डों में जागरूक मतदाताओं ने तो यहां तक कहा कि यदि कोई व्यक्ति पार्षद बनकर बाद में धन-बल के सहारे अपनी पसंद का सभापति बनाने-बनवाने की रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतर रहा है। तो संभव है कि जनता उसे वार्ड से ही बाहर का रास्ता दिखा दे। हालांकि यह अभी वार्ड स्तर की चर्चाएं हैंए लेकिन इनसे इतना संकेत जरूर मिल रहा है कि मतदाता इस बार केवल पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह के आधार पर निर्णय लेने के बजाय प्रत्याशी की व्यक्तिगत छवि और उसके कामकाज को भी कसौटी पर कसने के मूड में हैं।

खेजड़ी की लकड़ियों से भरी 9 पिकअप जब्त

निसं

दांतारामगढ़ (नवयत्न)। वन विभाग ने अवैध रूप से खेजड़ी की लकड़ियां भरकर ले जा रही 9 पिकअप जब्त की। दांता के रेंजर विजय फगेड़िया ने बताया कि शनिवार को तड़के 3:50 बजे सूचना मिली कि अवैध रूप से लकड़ियां ले जाई जा रही हैं। इस पर जयपुर-दांतारामगढ़ रोड़ पर खाचरियावास-कुली स्टैंड के पास नाकाबंदी की गई। इस दौरान खाचरियावास के पास 6 पिकअप अवैध खेजड़ी की लकड़ियों से भरी हुई मिली। उन्हें जब्त किया गया। दो पिकअप चालक भागे तो करीब डेढ़ घंटे तक पीछा कर उन्हें पकड़ा गया। इसी प्रकार 3 पिकअप मंढ़ा-सुरेरा शराब ठेके के पास जब्त की। चालकों को डिटेन कर रेंज कार्यालय दांतारामगढ़ में लाया गया। सभी 9 पिकअप चालकों को डिटेन कर वाहनों को जब्त कर रेंज कार्यालय दांतारामगढ़ में खड़ा किया गया।

रेनवाल में बड़े दलाल खरीदते हैं लकड़ियां

चालकों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि रेनवाल में बड़े दलाल बोली लगाकर लकड़ियां खरीदते हैं। इसमें हरियाणा व मेवात के लोग गिरोह के रूप में काम करते हैं। विभाग द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। सभी 9 वाहन चालकों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

नशा मुक्ति केंद्र से भागकर आया युवक का होटल में मिला शव

निसं

जयपुर (नवयत्न)। चित्रकूट थाना इलाके में अक्षरधाम मंदिर के पास स्थित एक होटल के कमरे में रविवार को युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अजमेर निवासी विजेंद्र सिंह 30 के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है। कि वह नशे का आदी था और करीब तीन महीने से झुंझुनू स्थित नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती था। शनिवार को वह वहां से भागकर जयपुर आया और होटल में कमरा लेकर ठहरा था। पुलिस को शव के पास नशे का इंजेक्शन भी मिला है। ऐसे में प्रथम दृष्टया नशे के ओवरडोज से मौत की आशंका जताई जा रही है। थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि विजेंद्र सिंह मूल रूप से अजमेर का रहने वाला था। पिता की मौत के बाद वह अपनी मां के साथ जयपुर में सिरसी रोड पर रह रहा था। शनिवार शाम उसने अक्षरधाम मंदिर के पास स्थित होटल में एक दिन के लिए कमरा लिया था। रविवार सुबह चेकआउट करने की बात कही थी। पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर करीब 12 बजे तक विजेंद्र ने कमरा खाली नहीं किया। इस पर होटल स्टाफ उसे बुलाने पहुंचा तो वह बेड पर लेटा हुआ मिला। स्टाफउसे जगाए बिना वापस लौट गया। कुछ देर बाद दोबारा कमरे में जाकर जगाने का प्रयास किया तो उसके मृत होने की जानकारी हुई। होटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि विजेंद्र नशे का आदी था। परिजनों ने नशे की लत छुड़ाने के लिए उसे करीब तीन महीने पहले झुंझुनू के नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। शनिवार को मौका पाकर वह केंद्र से निकल गया और जयपुर पहुंच गया। इसके बाद उसने होटल में कमरा लिया। पुलिस को कमरे में उसके शव के पास नशे का इंजेक्शन मिला है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

पांच दिन बाद बदली मोटर, एक दिन चली और फिर जल गई, महनसर के 3 वार्डों में पेयजल संकट

निसं

बिसाऊ (नवयत्न)। महनसर के वार्ड 1, 2 और 11 में पेयजल संकट दूर होने की बजाय और बढ़ गया है। जलदाय विभाग के ठेकेदार ने पांच दिन बाद ट्यूबवेल की खराब मोटर बदलकर दूसरी मोटर लगाई, लेकिन वह भी महज एक दिन चलने के बाद जल गई। इससे तीनों वार्डों में फिर पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई और उपभोक्ताओं को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। दैनिक नयत्न ने पानी की समस्या को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद ठेकेदार ने खराब मोटर निकलवाकर दूसरी मोटर लगाई थी। मोटर चलने से लोगों को राहत की उम्मीद जगीए लेकिन एक दिन बाद ही मोटर जल गई। वार्ड निवासी प्रवीण कुमार दायमा ने कहा कि जलदाय विभाग की यह कैसी व्यवस्था है कि ट्यूबवेल में सही मोटर डालते ही एक दिन में जल गई। उन्होंने मोटर की वाइंडिंग की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की। पड़ोसी वार्डों से सिर पर ढोकर ला रहे पानी: मोटर जलने के बाद वार्डों में पानी की किल्लत फिर गहरा गई है। उपभोक्ताओं को पीने के पानी के लिए पड़ोसी वार्डों की ट्यूबवेलों से होने वाली सप्लाई पर निर्भर रहना पड़ रहा है। लोग वहां से पानी भरकर सिर पर ढोकर घर तक लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग से जल्द मोटर बदलकर पेयजल सप्लाई सुचारू कराने की मांग की है।

तालकटोरा में मिला युवती का शव

निसं

जयपुर (नवयत्न)। नाहरगढ़ थाना इलाके में स्थित तालकटोरा तालाब में रविवार दोपहर एक 25 वर्षीय युवती का शव तैरता मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला। मृतका की पहचान नाहरगढ़ रोड स्थित गणगौरी बाजार निवासी कशिश कंवर पुत्री बचपन सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। नाहरगढ़ थानाधिकारी भंवर सिंह के बताए अनुसार, कशिश 28 अगस्त की रात बिना बताए घर से निकल गई थी। परिजन अपने स्तर पर उसकी खोजबीन कर रहे थे और शनिवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे उन्होंने नाहरगढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना भी दी थी। रविवार दोपहर करीब 12 बजे तालकटोरा में युवती का शव पानी में तैरता मिला। घटना के संबंध में परिजनों ने नाहरगढ़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों का आरोप है कि कशिश का पिछले तीन वर्षों से नाहरगढ़ रोड निवासी रवि जड़ेजा के साथ अफेयर चल रहा था। मामले की जानकारी होने पर पूर्व में रवि और उसके परिवार से समझाइश कर कशिश से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। परिजनों का दावा है कि रवि के उकसाने के कारण ही कशिश ने यह खौफनाक कदम उठाया और तालाब में छलांग लगा दी। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

मुंबई में 4 सितंबर को दिखेगी बिसाऊ की मूक रामलीला

निसं

बिसाऊ (नवयत्न)। राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान और विश्व प्रसिद्ध बिसाऊ की मूक रामलीला पर बनी विशेष फिल्म बिसाऊ की मूक रामलीला का 4 सितंबर को मुंबई में प्रदर्शन होगा। भवन्स कल्चरल सेंटर, अंधेरी की ओर से शाम 6:30 बजे एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च एसपीआईजेएमआर में फिल्म का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। रामलीला प्रबंध समिति अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा और कपिलेश शर्मा ने बताया कि वर्ष 1857 से बिसाऊ में मूक रामलीला की परंपरा लगातार जारी है। भामाशाह कमल पोद्दार ने बताया कि फिल्म के जरिए बिसाऊ की ऐतिहासिक लोक-सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया गया है। फिल्म का निर्देशन रजनी आचार्य ने किया है। और संगीत कुलदीप सिंह का है। अनुराधा पौडवाल, अनुप जलोटा, जसविंदर सिंह और सीमा मिश्रा सहित कलाकारों की आवाज और सहभागिता है। पटकथा व वॉयस ओवर मनजीत सिंह कोहली ने किया है।

थार से टक्कर मारकर लूट करने वाली गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने थार से टक्कर मारकर लूटपाट करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल काली थार बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने कानोता, शिवदासपुरा और जयसिंहपुरा खोर थाना क्षेत्रों में दर्जनों लूट और स्नैचिंग की वारदातें करना स्वीकार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने थार से टक्कर मारकर लूटपाट करने वाली गैंग के अभिषेक शर्मा 25 निवासी तुंगा, हाल विवेक विहार, जामडोली और राहुल बैरवा 20 निवासी लखेसरा, कानोता को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी रोज अलग-अलग इलाकों में सुनसान स्थानों की रेकी करते थे। इसके बाद पैदल राहगीरों या बाइक सवारों को थार से टक्कर मारकर गिराते और मारपीट कर मोबाइल व नकदी लूट लेते थे। पीड़ितों को झाड़ियों या सुनसान जगह पर छोड़कर फरार हो जाते थे। पुलिस गैंग के अन्य फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि 27 अगस्त को दर्ज रिपोर्ट में परिवादी ने बताया था कि वह दोस्तों के साथ बाइक से मथुरादासपुरा गया था। रात करीब 12 बजे श्मशान घाट के पास काली थार में सवार 3-4 बदमाशों ने बाइक रुकवाई और मारपीट कर नकदी व मोबाइल छीन लिया। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने घटनास्थल से लेकर संभावित रूट तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और तकनीकी सहायता से आरोपियों की पहचान की।

प्रजापति समाज सेवा संस्थान का 22वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

निसं

रतनगढ़ (नवयत्न)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय टाउन हॉल में प्रजापति समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में 22वें प्रतिभा सम्मान समारोह गोपीचन्द ताराचन्द पुत्र सांवरमल सिमार के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की कुल 250 प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

सरकारी सेवा में नवनियुक्त 27 प्रतिभाएं शामिल रहीं। इसके साथ ही समाज विकास में अनुकरणीय योगदान देने वाले 75 भामाशाहों का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि आरपीएस अनुज कुमार प्रजापत डाल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी लक्ष्मीनारायण सिमार ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएएस विकास कुमार प्रजापत, आरएएस रविकुमार प्रजापत, आरजेएस निधि कुमावत तुनवाल, प्रोफेसर अनामिका प्रजापत सीकर, आरपीएस इन्द्रकुमार मारवाल, शिवप्रसाद सारड़ीवाल, सेवानिवृत्त डीईओ धन्नाराम दुमीवाल, प्रोफेसर अमचन्द कारगवाल, समाजसेवी सांवरमल सिमार, आरएसीएस जयंत प्रजापत, सीआई रामप्रताप प्रजापत, डॉ. महेन्द्र घोड़ेला, डीएसपी इनसार अली एवं प्रजापति भवन अध्यक्ष ओमप्रकाश सिमार मंचासीन रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए उच्च शिक्षा, अनुशासन और युवाओं की सकारात्मक भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया तथा सभी सम्मानित प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज बंधु, मातृशक्ति और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

श्रद्धा और भक्ति का संगम : बाबा रामदेव जी महाराज की निकली 8वीं पदयात्रा

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजधानी में बाबा रामदेव जी महाराज के भक्तों का उत्साह और श्रद्धा देखते ही बन रही है। नारायण विहार मिस्त्री मार्केट के तत्वावधान में आयोजित बाबा रामदेव महाराज की तीन दिवसीय 8वीं पदयात्रा का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर कमला नेहरू नगर पुलिया के पास विशाल पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें 2,500 से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस 8वीं बाबा रामदेव महाराज की विशाल पदयात्रा में महिलाएं, युवतियां और बच्चे भी शामिल हुए। पदयात्रा का मुख्य जत्था 29 अगस्त को जमवारामगढ़ तहसील के लगड़ियावास गाँव से रवाना होकर कमला नेहरू नगर स्थित मजार के पास पहुँचा। इस 8वीं पदयात्रा में करीब ढ़ाई हजार से अधिक श्रद्धालु डीजे की धुनों पर नाचते-गाते और बाबा के जयकारे लगाते हुए चले। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरी यात्रा के दौरान पानी का ट्रैक्टर भी साथ.साथ चलता रहा। इसके अलावा, तीन दिवसीय इस आयोजन में जयपुर और आसपास के विभिन्न क्षेत्रों कुंदनपुर, बस्सी, बांदीकुई, शास्त्री नगर, भट्टा बस्ती, दौसा, जटवाड़ा, नायला और जीरोता से भी बड़ी संख्या में पदयात्री पहुंचे। समाजसेवी रामलाल यादव ने बताया कि दूर-दराज से आए सभी पदयात्रियों के ठहरने और विश्राम की समुचित व्यवस्था मजार के पास की गई। श्रद्धालुओं के लिए सुबह चाय-नाश्ते, नमकीन और बूंदी के साथ-साथ भोजन में पूड़ी, आलू और छोले की सब्जी की विशेष व्यवस्था रही। 900 किलो से अधिक सामग्री से तैयार हुआ महाप्रसाद विशाल भंडारे के लिए 900 किलोग्राम से भी अधिक खाद्य सामग्री का उपयोग कर शुद्ध और स्वादिष्ट प्रसादी तैयार की गई। प्रसादी निर्माण के लिए 600 किलोग्राम आटा, 150 किलोग्राम बेसन, 120 किलोग्राम दाल तथा 80 किलोग्राम छोले का प्रयोग किया गया। इसके अलावा, सब्जी और नाश्ते के लिए 300 किलोग्राम आलू, 150 किलोग्राम टमाटर, 100 किलोग्राम मिर्च, 10 किलोग्राम अदरक और 40 पुली हरा धनिया इस्तेमाल किया गया। प्रसादी पकाने के लिए 13 टीन तेल और 5 पीपे शुद्ध घी का उपयोग हुआ।

समाजसेवियों ने किया दिन-रात श्रमदान

भंडारे और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने में स्थानीय समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। समाजसेवी रामलाल यादव, गणेश राजोरिया, मानू, शिवपाल, मुकेश लालचंद और पंडित दीपक कुमार शर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं ने दिन-रात श्रमदान कर श्रद्धालुओं की निष्काम सेवा की।

बाबू अंसारी बने राजस्थान मीडिया प्रभारी

निसं

जयपुर (नवयत्न)। ब्राइट बिगिनिंग्स न्यू डॉन वेलफेयर फाउंडेशन ने वरिष्ठ पत्रकार बाबू अंसारी को राजस्थान मीडिया प्रभारी की नई जिम्मेदारी सौंपी है। फाउंडेशन की संस्थापक एवं निदेशक ज्योति महाजन ने उन्हें मनोनयन पत्र के साथ प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया। ज्योति महाजन ने कहा कि बाबू अंसारी के पत्रकारिता अनुभव और कार्यकुशलता से फाउंडेशन की शिक्षा, सशक्तिकरण और सामाजिक कल्याण से जुड़ी गतिविधियों को आमजन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। फाउंडेशन ने उनके सामाजिक सरोकारों और जिम्मेदार मीडिया संचार के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर विद्याधर टेटरवाल सहित फाउंडेशन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

जयपुर में भाजपा का बोर्ड बनाने का दावा, उम्मीदवार चयन पर नहीं कोई गतिरोध

निसं

जयपुर (नवयत्न)। निकाय चुनावों को लेकर भाजपा में उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया को लेकर शनिवार को जयपुर संभाग के जिलों पर विस्तृत मंथन हुआ। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि उम्मीदवार चयन को लेकर पार्टी में किसी प्रकार का गतिरोध नहीं है। विभिन्न स्तरों से प्राप्त सर्वे के परिणामों के साथ पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से विचार-विमर्श के बाद प्रत्याशियों का चयन किया जा रहा है। डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि शनिवार को अलवर संभाग के दो जिलों के उम्मीदवारों पर चर्चा हुई थी, जबकि रविवार को जयपुर सहित पूरे जयपुर संभाग के जिलों के उम्मीदवारों के नामों पर एक-एक कर विचार किया गया। उन्होंने कहा कि सभी नामों पर चर्चा के बाद पारदर्शी तरीके से उम्मीदवारों को पार्टी का सिंबल दिया जाएगा। पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रभुलाल सैनी ने दावा किया कि जयपुर में भाजपा का बोर्ड बनेगा। उन्होंने कहा कि विधायकों, मंत्रियों, पूर्व विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उम्मीदवारों के नामों पर राय ली गई है। सर्वे और सभी की राय के आधार पर प्रत्याशियों का चयन किया जा रहा है। डॉ. सैनी ने कहा कि भाजपा विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएगी। सुरक्षित, स्वच्छ और हरित जयपुर के साथ सुनियोजित विकास और बेहतर नागरिक सुविधाएं पार्टी की प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरी एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी और कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी में प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार के बजट में गरीब, युवा, महिला और किसान सहित सभी वर्गों के हितों को प्राथमिकता दी गई है।

सच्ची भक्ति और श्रद्धा रखने वाले भक्त की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं: आचार्य जैनेन्द्र कटारा

निसं

जयपुर (नवयत्न)। श्री सनातन धर्म सभा आदर्श नगर एवं श्री राम मंदिर प्रन्यास के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य जैनेन्द्र कटारा ने भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार, भक्त प्रहलाद चरित्र तथा समुद्र मंथन की पावन कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने प्रहलाद के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रहलाद बाल्यकाल से ही भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। उनके पिता हिरण्यकशिपु ने उन्हें भक्ति मार्ग से हटाने के लिए कई यातनाएं दींए लेकिन प्रहलाद का विश्वास नहीं डिगा। अंतत: भगवान विष्णु ने नरसिंह रूप प्रकट कर हिरण्यकशिपु का वध किया और प्रहलाद की रक्षा की। आचार्य कटारा ने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से ईश्वर का स्मरण करता है, उसकी रक्षा के लिए भगवान स्वयं उपस्थित होते हैं। कथा के अगले चरण में समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मंदराचल पर्वत और वासुकी नाग की सहायता से क्षीरसागर का मंथन किया गया, जहाँ भगवान विष्णु ने कूर्म अवतार लेकर पर्वत को आधार दिया। मंथन से निकले हलाहल विष का पान कर भगवान शिव नीलकंठ कहलाए। इसके पश्चात समुद्र से 14 दिव्य रत्न और भगवान धन्वंतरि का अमृत कलश लेकर प्रकट होने का वर्णन किया गया। प्रन्यास के अध्यक्ष हरचरण लेकर ने बताया कि कथा का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश प्रसारित करना है। कथा के दौरान अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम भजन पर महिला मंडल ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे संपूर्ण पांडाल भक्तिमय हो गया। संयोजक रवि सचदेवा ने जानकारी दी कि कथा के चौथे दिन सोमवार को वामन अवतार, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव की अलौकिक लीलाओं का वर्णन किया जाएगा।

सम्पादकीय

दुष्प्रचार का सहारा



लंबे समय से भाजपा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कठघरे में खड़े करते आ रहे राहुल गांधी ने यह कहकर इस संगठन के खिलाफ अपने हमलों को नए सिरे से धार देने की ही कोशिश की कि देश में संविधान और आरएसएस के बीच लड़ाई है। राहुल गांधी की ओर से आरएसएस पर नए सिरे से हमला यही बताता है कि वे भाजपा से अपनी राजनीतिक लड़ाई न जीत पाने की खीझ में उसके मातृ संगठन पर निशाना साधने में लगे हुए हैं।

वे लगातार यह समझाने का प्रयत्न कर रहे हैं कि भाजपा और आरएसएस संविधान का आदर नहीं करते और वे उसे खत्म करने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने यह दुष्प्रचार पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के चार सौ पार के नारे के जवाब में शुरू किया था। यह सही है कि कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों को आम चुनाव में इस दुष्प्रचार का चुनावी लाभ मिला, लेकिन उन्हें यह समझना होगा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती।

संविधान की प्रति लहराकर कोई बात कहने से वह सच नहीं साबित हो जाती। चूंकि राहुल गांधी तथ्यों और तर्कों के स्थान पर दुष्प्रचार की राजनीति पर अधिक जोर देते हैं, इसीलिए उन्हें वैसी राजनीतिक सफलता नहीं मिल पा रही है, जिसकी वे अपेक्षा कर रहे हैं। इसका परिणाम यह है कि वे और अधिक दुष्प्रचार की राजनीति का सहारा लेने लगे हैं।

राहुल गांधी ने संविधान और आरएसएस के बीच की लड़ाई के अपने आरोप को बल देने के लिए अनुसूचित जातियों पर अत्याचार और उनसे भेदभाव के मामलों का उल्लेख किया। ऐसा करते हुए उन्होंने यह संकेत करने की कोशिश की कि ये सारे काम भाजपा और आरएसएस के कारण हो रहे हैं। इससे यही पता चलता है कि वे न तो भाजपा की रीति-नीति से परिचित हैं और न ही आरएसएस की विचारधारा से।

यदि उन्होंने इस संगठन की कार्यप्रणाली को समझने की थोड़ी भी कोशिश की होती तो उन्हें पता चलता कि इसने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच जाकर कैसे कार्य किए हैं। इस संगठन के अनेक प्रकल्प तो अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के उत्थान के लिए ही चलाए जा रहे हैं। राहुल गांधी को यह भी पता होना चाहिए कि यदि भाजपा आज राजनीतिक रूप से कहीं अधिक सशक्त हो चुकी है तो इसका कारण समाज के सभी वर्गों और विशेष रूप से अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों तक उसकी पहुंच है।

राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस को अनुसूचित जाति विरोधी साबित करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उत्तराखंड दौरे के बाद उनके मंच के कथित शुद्धीकरण का जो मामला उठाया, वह इस तथ्य की अनदेखी को अधिक बयान करता है कि जिस संगठन ने यह काम किया, उसका भाजपा से कोई लेना-देना नहीं। स्पष्ट है कि तथ्यों को अपने हिसाब से मोड़ने से बात बनने वाली नहीं है।

विशेष आलेख

वंदे मातरम् पर सियासत, लेकिन साफ हवा-पानी की बात क्यों नहीं?

मिर्जा गालिब के एक शेर की पंक्ति है, जो पिछले सप्ताह बहुत याद आई मुझे। पंक्ति है- 'शर्म तुमको मगर नहीं आती'। यह पंक्ति तब याद आई, जब वंदे मातरम् को राजनीतिक हथियार बनाया गया। पहले इस हथियार से सोनिया गांधी पर वार हुआ। स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के सबसे ज्यादा हल्ला मचाने वाले प्रवक्ताओं ने कहा उस दिन कि जब कांग्रेस के मुख्यालय में झंडा फहराया जा रहा था, तब सोनिया गांधी ने वंदे मातरम् के अंतिम हिस्से को गाने से पार्टी कार्यकर्ताओं को मना किया।

याद कीजिए, किस तरह सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष के साथ खड़ी दिखी थीं उस समय और कैसे अचानक उन्होंने इशारा किया। इसे भाजपा के योद्धाओं ने ऐसा मान लिया कि वह उन अंतिम पंक्तियों को न गाने के लिए कह रही थीं, जिनमें हिंदू देवियों की वंदना की जाती है। यह बात जब कांग्रेस के मीडिया शेरों तक पहुंची, तो पहले उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं था। सोनिया गांधी सिर्फ कह रही थीं कि कांग्रेस अध्यक्ष की उम्र का लिहाज करके उनके लिए कुर्सी लाई जाए। बाद में कांग्रेस के आला नेताओं ने अपना मन बदलकर कहा कि वंदे मातरम् की देवी वंदना वाली पंक्तियों को न गाने के लिए वर्ष 1937 में कांग्रेस ने फैसला किया था, ताकि पार्टी के मुसलिम सदस्यों की आस्था को चोट न पहुंचे। मुसलमानों को आदेश है उनके पैगंबर से कि वंदना सिर्फ अल्लाह की हो सकती है। खूब हल्ला मचाया इस बात को लेकर भाजपा के प्रवक्ताओं ने यह याद दिलाकर कि अब कानून बन गया है, जिसके तहत राष्ट्र गान या गीत का पूरा न गाया जाना अपराध माना जाएगा।

यह हल्ला चल ही रहा था कि राहुल गांधी ने पुणे में महिलाओं के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मनुस्मृति का हवाला दिया और सलाह दी कि उन्हें अपना अस्तित्व किसी पुरुष से नहीं जोड़ना चाहिए। मनुस्मृति में कहा गया है कि महिला पहले बेटी होती है, फिर पत्नी और फिर मां, यानी उसके जीवन का आधार यही चीजें होनी चाहिए। राहुल गांधी इन दिनों महिलाओं के बहुत बड़े हमदर्द हैं, इसलिए उन्होंने जज्बाती होकर कहा कि महिलाओं को इस किस्म की 'पैट्रियार्की' (पितृसत्ता) को अपने जीवन से बाहर फेंक देना चाहिए।

साथ ही यह भी कहा कि ऐसी सोच से कांग्रेस अपने आपको दूर रखती है, लेकिन यह सोच संघियों की है। इस वक्तव्य के कुछ ही घंटों बाद भारतीय जनता पार्टी की महिला प्रवक्ताएं दिखीं टीवी और सोशल मीडिया पर राहुल गांधी को बुरा-भला कहती हुईं। सबसे बेमतलब बात आई बांसुरी स्वराज की ओर से, जिन्होंने कहा कि 'पैट्रियार्की' की बात करने से पहले राहुल गांधी वंदे मातरम् को पूरा गा कर तो दिखाएं। जैसे हम पंजाबी में कहते हैं- 'न गल, न वास्ता'। वंदे मातरम् इसमें आया कैसे? इस बीच येल यूनिवर्सिटी की एक रिपोर्ट आई, जिससे मालूम हुआ कि पर्यावरण को लेकर अपने भारत में इतनी लापरवाही है कि 177 देशों में से हमारा नंबर 176 है। सिर्फ लाओस है, जहां हमसे भी बुरा हाल है। वैसे हमें जरूरत नहीं है किसी सर्वेक्षण से हमारे बेहाल पर्यावरण का ज्ञान लेने की। आप घर से निकल कर दो कदम किसी शहर, महानगर या गांव में चलकर देख सकते हैं सड़ते कूड़े के ढेर, जहां अक्सर लावारिस पशु और कुत्ते नजर आते हैं।

हमारे महानगरों में वायु इतनी प्रदूषित है कि दमे के मरीजों को डाक्टर सलाह देते हैं कि सर्दियों का मौसम शुरू होते ही उनको कहीं और चले जाना चाहिए। हमारी नदियों का यह हाल है कि उनका पानी पीना ही बीमारी को न्योता देने के बराबर है। बरसात के मौसम में हमारे कई शहर पूरी तरह डूब जाते हैं, इसलिए कि जिन नालों को बनाया गया था बारिश के पानी की निकासी के लिए, उनमें इतना कूड़ा जमा है कि जैसे दशकों से उनको साफ ही नहीं किया गया है।

वहीं, काकरोच जनता पार्टी ने जब से 'स्कूल ठीक करो' वाली मुहिम शुरू की है, रोज सोशल मीडिया पर दिखते हैं ऐसे स्कूल जिनमें ऐसा लगता है कि वहां कभी सफाई नहीं हुई है। स्वच्छ भारत अभियान के दौरान जो शौचालय बने थे स्कूलों में वे इतने गंदे हैं कि बच्चे इन्हें इस्तेमाल करने से भी कतराते हैं। स्कूलों को ठीक करने का काम राज्य सरकारों का है, लेकिन यहां याद दिलाना जरूरी है कि आज की स्थिति यह है कि शायद ही देश में कोई बड़ा राज्य है, जहां भारतीय जनता पार्टी की 'डबल-इंजन' सरकार का शासन न हो। तो किस मुंह से भारतीय जनता पार्टी के आला नेता वंदे मातरम् गीत को अनिवार्य कर रहे हैं? क्या वे खुद जानते नहीं हैं उस पहली पंक्ति का मतलब। 'सुजलाम, सुफलाम, मलयजशीतलाम'? क्या अपने भारत में वास्तव में पानी साफ है? क्या आज भी उसकी धरती पर वे फलों के बाग हैं, जिसका जिक्र बंकिमचंद्र ने किया था? क्या आज भी इस देश की हवाएं इतनी साफ हैं?

कड़वा सच यह है कि हमारे राजनेताओं ने इतना बुरा हाल करके रखा है इन सारी चीजों का कि जब वंदे मातरम् की पंक्तियां सुनने को मिलती हैं, तो मेरे जैसे लोगों के मन में कुछ और सवाल उठने लगते हैं। वंदे मातरम् का गीत तो अनिवार्य कर चुके हैं हमारे राजनेता, लेकिन क्यों नहीं साथ में यह भी करते हैं कि हमारी नदियां, हवा, गांव, शहर और महानगर को भी साफ रखने का काम अनिवार्य किया जाए। ऐसा हो सकता है, लेकिन होगा नहीं, क्योंकि गालिब की उस पंक्ति का एक शब्द बदल कर कह सकते हैं हम कि 'शर्म उनको मगर आती नहीं'।

आज का राशिफल

मेष
यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा। झंझटों में न पड़ें। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

वृष
चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार तथा मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

मिथुन
ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विवेक से कार्य करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

कर्क
चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

सिंह
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है। आशंका-कुशंका से बाधा होगी।

कन्या
बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। उत्साह रहेगा।

तुला
व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

वृश्चिक
सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है।

धनु
पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जल्दबाजी न करें।

मकर
सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ
यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी। चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी।

मीन
दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

स्वास्थ्य समाचार

डायबिटीज को कंट्रोल करता है मखाना, यह रोग भी होते हैं दूर

डायबिटीज मेटाबॉलिक डिसऑर्डर है, जिसमें ब्लड में शुगर का लेवल बढ़ जाता है। ब्लड में शुगर का लेवल बढ़ने से पैंक्रियाज इंसुलिन का उत्पादन करना कम कर देता है। इससे ब्लड में शुगर का लेवल बढ़ जाता है। अगर लंबे समय से आपको डायबिटीज की समस्या है, तो यह दिल के रोगों, किडनी, फेफड़ों और आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए शुगर को कंट्रोल में रखना जरूरी होता है। एक्सपर्ट का कहना है, मखाना एक ट्रेंडी और हेल्दी स्नैक है और इसमें कई औषधीय गुण होते हैं। यह प्रोटीन, फैट, आयरन, स्टार्च, मैग्नीशियम, जिंक और कैल्शियम जैसे कई न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है। इसका इस्तेमाल आयुर्वेदिक और चाइनीज मेडिसिन में बड़े पैमाने पर किया जाता है। यह ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में भी मदद करता है।

डायबिटीज के लिए मखाने : मखाने में मौजूद स्टार्च धीरे-धीरे पचता है, जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखता है। मखाना फाइबर का अच्छा स्रोत है। फाइबर आंत से कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को धीमा करके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है। मखाने में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल एकदम से नहीं बढ़ता है। मखाने में एंटी-ऑक्सीडेंट की मात्रा ज्यादा होती है। ये पोषक तत्व सेल्स को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। यह गुण इंसुलिन संवेदनशीलता को बेहतर बनाता है। मखाना मैग्नीशियम का अच्छा स्रोत है। यह इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार करके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है। इसके अलावा, मैग्नीशियम मसल्स और हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा होता है।

प्रोटीन, हेल्दी फैट और फाइबर का अच्छा स्रोत : मखाना प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्रोतहै। 100 ग्राम मखाने में लगभग 10 ग्राम प्रोटीन होता है, जो मसल्स और हड्डियों में मजबूती लाता है। यह ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करता है। इसके अलावा, मखाने में फैट की मात्रा कम होती है।

न्यूट्रिएंट्स से भरपूर : मखाने में कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और फास्फोरस जैसे न्यूट्रिएंट्स होते हैं। साथ ही, मखाने में गैलिक एसिड, क्लोरोजेनिक एसिड और एपिकेटचीन जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट होते हैं, जो हानिकारक फ्री-रेडिकल्स को बेअसर करते हैं और ऑक्सीडेटिव तनाव को रोकते हैं। इसके अलावा, ये सभी न्यूट्रिएंट्स डायबिटीज से होने वाली समस्याओं को दूर करते हैं।

दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा

ज्यादातर मामलों में डायबिटीज से हार्ट संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। मखाना दिल के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि मखाना कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के लेवल को कम करता है। इसके अलावा, इसके कूलिंग गुण हाई ब्लडप्रेशर को कंट्रोल में रखते हैं।

एंटी-एजिंग

मखाने में एंटी-एजिंग गुण होते हैं, क्योंकि इनमें एल-आइसोस्पार्टिल मिथाइल ट्रांसफरेज नामक एंजाइम होता है। इनका इस्तेमाल अनिद्रा और डिप्रेशन जैसी तनाव संबंधी समस्याओं को ठीक करने के लिए किया जाता है।

मखाने खाने का तरीका

डायबिटीज में मखाने खाने का सबसे अच्छा तरीका नाश्ते के रूप में है। इसे थोड़े से घी के साथ भून लें और नाश्ते के तौर पर खाएं। स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें मसाला भी मिला सकते हैं।

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मदद करते हैं यह योगासन, स्लिम होने में मिलेगी मदद



शरीर को फिट रखने के लिए मेटाबॉलिज्म सिस्टम का खास रोल होता है। मेटाबॉलिज्म ना केवल खाने को पचने में मदद करता है बल्कि ये भोजन को ठीक तरीके से एनर्जी में तब्दील करने में भी मदद करता है। यहीं नहीं मेटाबॉलिज्म सिस्टम कैलोरी को तेजी से बर्न करने में भी हेल्प करता है। जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है। वैसे तो मेटाबॉलिज्म सिस्टम को बूस्ट करन के लिए काफी सारी टेक्नीक है। बैलेंस डाइट, ड्रिंक्स लेकिन योगासन की मदद से इसे लंबे समय के लिए सही किया जा सकता है। साथ ही ये योगासन फैट लॉस करने में भी मदद करेंगे।

उत्कटासन : इस आसन को चेयर पोज भी कहते हैं। जिसमे किसी कुर्सी पर बैठने जैसा पोज किया जाता है। उत्कटासन स्पाइन, हिप्स और चेस्ट की मसल्स को स्ट्रेच करने में मदद करते हैं। इम्यूनिटी सिस्टम को सही करने के साथ ही कमर और ज्वाइंट पेन से राहत दिलाता है। हालांकि कमर और घुटने की इंजरी में इस आसन को ना करने की सलाह दी जाती है।

आंजनेयआसन : आंजनेयआसन को भगवान हनुमान के पोज से इंस्पायर माना जाता है। इसे करने से फैट बर्न होने के साथ ही फ्लैक्सिबिलिटी और डाइजेशन को इंप्रूव करने में मदद मिलती है। साथ ही मेटाबॉलिज्म सही होता है। इसे स्टेप बाई स्टेप करने के लिए सबसे पहले बिल्कुल सीधा खड़े हो जाएं। फिर घुटनों को बिना मोड़े झुकें और दोनों हाथों को जमीन पर पैरों के बीच में टिकाएं। अब दाहिने पैर को आगे की तरफ बढ़ाएं और घुटने के बल मोड़ लें। लेफ्ट लेग को पीछे की तरफ ले जाकर घुटने से टिका लें। दोनों हाथों को ऊपर की तरफ उठाएं और हाथ जोड़कर कमर को पीछे की तरप जितना हो सके झुकाएं। कुछ सेकेंड इसी पोजीशन में रहने के बाद वापस पहले वाली स्थिति में आ जाएं।

बालों में लगाएं देसी घी, बालों की हर तरह की प्रॉब्लम से मिलेगा छुटकारा

हर किसी को लंबे, काले और घने बाल पसंद होते हैं। लेकिन प्रदूषण, खराब लाइफस्टाइल, पोषक तत्वों की कमी और गलत प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से बाल कमजोर हो जाते हैं। इसके कारण बाल तेजी से झड़ने के साथ दोमुंहे, असमय सफेद, ड्राई बाल और डैंड्रफ की समस्या हो जाती हैं।

अक्सर लोग इन समस्याओं को दूर करने के लिए कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं। लेकिन यह प्रोडक्ट्स महंगे होने के साथ कई बार इनको लगाने से मनमुताबि रिजल्ट भी नहीं मिलता हैं। ऐसे में बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए देसी घी लगाया जा सकता है। देसी घी शरीर के साथ बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल, एंटीफंगल गुण, विटामिन ए, ई और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं।

डैंड्रफ दूर करें : देसी घी में मॉइस्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं, जो बालों को पोषण देता है और डैंड्रफ की समस्या को दूर करता हैं। देसी घी डैंड्रफ में होने वाली फंगस को दूर करके बालों को हेल्दी बनाता हैं। देसी घी लगाने से बालों की कई समस्याएं दूर होती है।

नेचुरल कंडिशनर : देसी घी में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स, विटामिन ए, जी, के2 और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो बालों को नेचुर रूप से कंडिशनर देने के साथ बालों को रूखे होने से बचाता है। देसी घी बालों के लिए नेचुरल कंडिशनर के रूप में कार्य करता है।

बालो को बढ़ाएं : अगर आपके बालों की ग्रोथ भी रोक गई है, तो बालों पर देसी घी से मसाज करें। ऐसा करने से बालों की ग्रोथ बढ़ेगी और बालों को टेक्सचर भी सुधरेगा। देसी घी में विटामिन-ए व ई प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो बालों को तेजी से बढ़ाने में मदद करता हैं।

असमय सफेद : देसी घी बालों में लगाने से असमय सफेद बालों की परेशानी भी दूर होती है। देसू घी में मौजूद विटामिन ई केराटिन को बढ़ावा देता है। इससे सूरज की हानिकारक किरणों से बालों का बचाव होता हैं। ऐसे में बालों पर देसी घी लगाने से बाल कम उम्र में सफेद नहीं होते हैं।

दो मुंहे बालों से छुटकारा : बालों में देसी घी लगाने से दो मुंहे बालों से छुटकारा मिलता है। इसमें मौजूद विटामिन ई बालों को पोषण देने के साथ दो मुंहे बालों की समस्या को भी दूर करता है। दो मुंहे बालों की वजह से कई बार बालों की ग्रोथ भी रोक जाती है।

बालों में देसी घी कैसे लगाएं : बालों में देसी घी लगाने के लिए घी को कटोरी में निकालकर हल्का सा गर्म करें। अब बालों के छोटे- छोटे लेकर घी लगाना शुरू करें। उसके बाद स्कैल्प पर भी घी अच्छे से लगाएं। इस घी को बालों मे 1 घंटे के लिए लगा रहने दें।

18 राज्यों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने नाप-तौल उद्योग की समस्याओं पर किया मंथन

निसं

जयपुर (नवयत्न)। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ वेइंग इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स एसोसिएशन एआईएफडब्ल्यूआईटी के राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से जुटे नाप-तौल उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने उद्योग की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। राजस्थान वेट्स एंड मेजर्स डीलर्स एसोसिएशन आरडब्ल्यूएमडीए की मेजबानी में आयोजित अधिवेशन में 18 राज्यों के संगठनों से जुड़े 200 से अधिक प्रतिनिधि, निर्माता और डीलर शामिल हुए। आरडब्ल्यूएमडीए अध्यक्ष प्रभात गुप्ता ने कहा कि नाप-तौल उद्योग से जुड़े व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए देशभर में एक समान व्यवस्था की आवश्यकता है। जीएटीसी के नियमों, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और लाइसेंसिंग से जुड़ी व्यावहारिक दिक्कतों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। महासचिव हरीश मेहता ने कहा कि पूरे देश में नाप-तौल उपकरणों की स्टांपिंग फीस, पेनल्टी और नियमों के लिए एक समान केंद्रीय ढांचा बनाया जाना चाहिए। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नियम और शुल्क होने से कारोबारियों को कई व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि अधिवेशन में जीएटीसी नियमों, रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंसिंग प्रक्रिया, समान स्टांपिंग फीस और पेनल्टी के साथ उपभोक्ता जागरूकता तथा डीलरों के प्रशिक्षण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने उद्योग को एकजुट कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी तरीके से अपनी समस्याएं रखने पर भी सहमति जताई। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं में सही नाप-तौल के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। इसके साथ ही डीलरों के लिए नियमित प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि ग्राहकों को बेहतर और विश्वसनीय सेवाएं मिल सकें। राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल कुमार ने कहा कि संगठन को देशभर में मजबूत करने के लिए उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम चार क्षेत्रीय जोन बनाए जाने की दिशा में काम किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी आयोजित करने और संगठन के बायलॉज में आवश्यक संशोधन करने पर भी जोर दिया गया। राष्ट्रीय महामंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि उद्योग से जुड़े मुद्दों को संगठित तरीके से केंद्र सरकार के समक्ष रखा जाएगा, ताकि जीएटीसी सहित अन्य नियमों में व्यावहारिक सुधार किए जा सकें। कोषाध्यक्ष विनोद कुमार ने संगठन की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अधिवेशन में राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित देशभर से आए नाप-तौल उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधि मौजूद रहे।

दो दिवसीय जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से

निसं

राजलदेसर (नवयत्न)। कस्बे के निकटवर्ती सिद्धपीठ परसनेऊ धाम में हनुमान भक्त संत शिरोमणि अखाराम दादा जी महाराज का दो दिवसीय जन्मोत्सव 1 व 2 सितंबर को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जा रहा है। दूधिया रोशनी से जगमगाता दादा जी महाराज का दरबार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मंदिर के पुजारी जगदीश, श्रवण एवं किशन ने बताया कि जन्मोत्सव के प्रथम दिन 1 सितंबर को प्रात: रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। शाम 4 बजे संत शिरोमणि अखाराम दादा जी महाराज की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर पहुंचेगी। शाम 7 बजे 1100 दीपकों से महाआरती की जाएगी। इसके बाद रात्रि में मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु भजनों पर भक्तिरस में डूबेंगे। जन्मोत्सव के दूसरे दिन 2 सितंबर को प्रात: विशेष श्रृंगार, महाआरती एवं ज्योत का आयोजन होगा। इसके बाद दादा जी महाराज को महाप्रसाद का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर अक्षय आइडल में भाग लेने वाले कलाकारों, दादा चालीसा का पाठ करने वाले भक्तों तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। दो दिवसीय जन्मोत्सव में राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, असम, नागपुर, सूरत, पंजाब सहित देश के विभिन्न राज्यों और शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार लाखों श्रद्धालु दादा जी महाराज के दरबार में हाजिरी लगाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में विशेष साफसफाई अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामवासी और युवा आयोजन की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होए इसके लिए भक्तों को अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। श्रद्धालुओं के लिए चाय, पानी, नाश्ता एवं भोजन सहित अन्य व्यवस्थाएं भी भक्तों की ओर से की जा रही हैं। ग्रामवासी भी इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से जुटे हुए हैं। आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। मंदिर परिसर एवं आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी मंदिर परिसर में विभिन्न गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। जन्मोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से अतिथिगण भी शिरकत करेंगे। भव्य सजावट, धार्मिक आयोजनों और देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के चलते परसनेऊ धाम में दो दिनों तक भक्तिमय माहौल बना रहेगा।

भाजपा विधि प्रकोष्ठ की बैठक में चुनावी रणनीति पर हुआ विस्तृत मंथन

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आगामी नगर निगम चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा जयपुर शहर जिला कार्यालय में विधि प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनावी तैयारियों, संगठनात्मक गतिविधियों तथा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कानूनी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में चुनाव के दौरान विधि प्रकोष्ठ की भूमिका, संगठन एवं प्रत्याशियों को आवश्यक कानूनी सहयोग उपलब्ध कराने, चुनावी नियमों के पालन तथा संभावित कानूनी मामलों के त्वरित समाधान को लेकर कार्ययोजना पर मंथन किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को सुचारु और विधिसम्मत तरीके से संचालित करने में विधि प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। जयपुर शहर प्रभारी प्रभुलाल सैनी ने कार्यकर्ताओं से आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और बेहतर चुनाव प्रबंधन के आधार पर भाजपा विजय का लक्ष्य हासिल करेगी। बैठक में मोतीलाल मीणा, सौरभ सारस्वत, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह पूरुवंशी, जिला प्रवक्ता खेमचंद शर्मा और नवीन जैन सहित विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और आगामी नगर निगम चुनाव में भाजपा की विजय के लिए पूरी ऊर्जा, निष्ठा और समर्पण के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने का संकल्प लिया।

लीलाधर मित्तल बने अग्रवाल महासभा तारानगर के अध्यक्ष

निसं

तारानगर (नवयत्न)। शनिवार को जोड़ीवाल धर्मशाला में श्री अग्रवाल महासभा तारानगर की वार्षिक बैठक आयोजित हुई। बैठक निवर्तमान अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान महासभा के नए अध्यक्ष का निर्वाचन सर्वसम्मति से किया गया। निर्वाचन अधिकारी श्यामसुन्दर साहवा वाले एवं बालकिशन कंदोई ने लीलाधर मित्तल के नाम की अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से निर्वाचन की घोषणा की। घोषणा के बाद उपस्थित समाजबंधुओं ने लीलाधर मित्तल को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वार्षिक बैठक में समाज के अनेक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित सदस्यों ने संगठन की गतिविधियों, समाज की एकता एवं आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर भी चर्चा की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष लीलाधर मित्तल ने समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा समाजहित में सक्रियता से कार्य करने का विश्वास दिलाया।

एसडीआरएफ में खेलेगा भारत, राष्ट्रीय खेल दिवस का भव्य आयोजन

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के अवसर पर खेलेगा भारत, जीतेगा भारत थीम के तहत एसडीआरएफ राजस्थान द्वारा 28 से 30 अगस्त तक विभिन्न खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय आयोजन एसडीआरएफ बटालियन मुख्यालय गाडोता जयपुर में उत्साह और उमंग के साथ हुआ। एसडीआरएफ कमांडेंट रेवन्त दान ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य एसडीआरएफ कार्मिकों में शारीरिक दक्षता, मानसिक सुदृढ़ता, अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में एसडीआरएफ कार्मिकों की भूमिका चुनौतीपूर्ण होती है, ऐसे में उनका शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहना बेहद आवश्यक है। एसडीआरएफ कमांडेंट ने बताया कि 28 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में हॉकी के महान खिलाड़ी एवं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को डिजिटल श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ष्ऊर्जा से भरपूर 29 चैलेंज, पास द बॉल और स्पोर्ट्स बंधन जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। एसडीआरएफ कार्मिकों ने इनमें उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना और टीम वर्क का परिचय दिया। 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक घंटा खेल, खेल के मैदान में अभियान के तहत विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। एसडीआरएफ कार्मिकों ने खेल मैदान में सक्रिय भागीदारी करते हुए फिटनेस, अनुशासन और आपसी समन्वय का संदेश दिया। तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन 30 अगस्त को संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम के तहत दौड़ एवं साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। एसडीआरएफ कार्मिकों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए नियमित व्यायाम, साइकिलिंग और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से फिट एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। एसडीआरएफ राजस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन ने खेलेगा भारत, जीतेगा भारत के संदेश को सार्थक करते हुए खेलों को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और फिटनेस को प्राथमिकता देने का संदेश दिया।

सहायक आचार्य मंढार को मिली पीएचडी की उपाधि

निसं



तारानगर (नवयत्न)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की तरफ से सहायक आचार्य मोहनलाल मंढार को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। सिधमुख के ख्याली गांव निवासी मोहनलाल मंढार ने राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू के प्रो. डॉ. बिपिन मंडार के निर्देशन में अर्द्धशुष्क क्षेत्र में कृषि का बदलता प्रारूप और उत्पादकता: चूरू जिले का भौगोलिक अध्ययन विषय में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। मोहनलाल वर्तमान में सरस्वती कन्या महाविद्यालय, तारानगर में सहायक आचार्य भूगोल विषय के पद पर कार्यरत है।

रविंद्र यादव बने खंड अध्यक्ष, मुकेश शर्मा को खंड मंत्री की जिम्मेदारी

मधु दहिया

बुहाना (नवयत्न)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुहाना में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान विद्यालय शिक्षा की खंड साधारण सभा की बैठक हुई। खंड पालक सुनील भारद्वाज ने नई खंड कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें रविंद्र यादव को खंड अध्यक्ष, मुकेश शर्मा को खंड मंत्री, मनजीत गजराज को कोषाध्यक्ष, मनरूप सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सुलोचना को महिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके बाद शेष कार्यकारिणी का भी सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। कार्यकारिणी में लीलाधर सैनी को पुरुष उपाध्यक्ष, सीमा शर्मा को महिला मंत्री, वेद प्रकाश को अध्यापक सदस्य, विक्रम सिंह को वरिष्ठ अध्यापक सदस्य व प्राध्यापक सदस्य, अजीत जांगिड़ को प्रधानाचार्य सदस्य, रंजीता पूनिया को संस्कृत शिक्षक सदस्य, विजय सिंह यादव को सेवानिवृत्त शिक्षक सदस्य, पुष्पराज को प्रबोधक सदस्य, मनोज कुमार को कंप्यूटर शिक्षक सदस्य तथा महेश शर्मा को पंचायत शिक्षक सदस्य मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत व अभिनंदन किया गया। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, शिक्षक हितों के संरक्षण, संगठन को मजबूत बनाने तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने शिक्षक समाज के हित में सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया।

निकाय चुनाव की तैयारी शुरू : 804 मतदान दलों के 1608 कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

ईवीएम संचालन से लेकर मतदान प्रक्रिया तक समझाईए कार्मिकों को निष्पक्षता से चुनाव कराने के निर्देश

अशोक राईका

झुंझुनूं (नवयत्न)। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 को लेकर जिला प्रशासन ने चुनाव तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को जिला मुख्यालय के आरआर मोरारका राजकीय महाविद्यालय और शहीद कर्नल जेपी जानू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मतदान दलों का पहला प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले प्रशिक्षण में जिले के 804 मतदान दलों के 1608 कार्मिकों ने भाग लिया। इनमें 804 पीठासीन अधिकारी और 804 प्रथम मतदान अधिकारी शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को ईवीएम के संचालन के साथ मतदान से पहले की तैयारियों, मतदान शुरू कराने, मतदान प्रक्रिया और मतदान समाप्त होने के बाद किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। मतदान केंद्र पर पहुंचने से लेकर मतदान समाप्ति तक की पूरी प्रक्रिया को समझाया गया। साथ ही निर्धारित प्रपत्रों को भरने, जरूरी सावधानियों और राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में भी बताया गया। कार्मिकों को ईवीएम संचालन का अभ्यास कराया गया और उनकी शंकाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम अजय कुमार आर्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक अरविंद ओला, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बृजेंद्र राठौर, जिला रसद अधिकारी संदीप गौड़ सहित जिला और ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।

मतदान खत्म होने तक के कार्य बताए

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी रामनिवास ने बताया कि कार्मिकों को मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद की जाने वाली तैयारियों से लेकर मतदान समाप्त होने तक के सभी कार्यों की जानकारी दी गई। ईवीएम की कार्यप्रणाली और मतदान संपन्न कराने की पूरी प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

निष्पक्षता से करें जिम्मेदारी का निर्वहन

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा कि चुनाव में मतदान दलों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। सभी कार्मिक राज्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन और निर्देशों का अक्षर पालन करें। मतदान के दौरान तटस्थ और निष्पक्ष रहकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं, ताकि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। उन्होंने कार्मिकों से मतदान से जुड़े नियमों और प्रक्रियाओं को अच्छी तरह समझने तथा किसी भी स्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मार्गदर्शन लेने की बात कही।

नगीना व्यापारी से ठगी करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आदर्श नगर थाना पुलिस ने नगीना व्यापारी को झांसा देकर कीमती पत्ने ठगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगा गया पूरा माल बरामद कर लिया है। वारदात में इस्तेमाल एक्टिवा भी जब्त की गई है। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के इलाकों के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपी तक पहुंच बनाई। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि आदर्श नगर थाना पुलिस ने नगीना व्यापारी को झांसा देकर कीमती पत्ने ठगने के मामले में मोहम्मद समीर 20 निवासी रामगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगा गया पन्नों का पूरा पैकेट बरामद कर लिया। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल एक्टिवा भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। और उससे ठगी की अन्य वारदातों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है। थानाधिकारी छगन डांगी ने बताया कि परिवादी अब्दुल जब्बार 35 निवासी तोपखाना हुजूरी, घाटगेट ने आदर्श नगर थाने में मामला दर्ज कराया था कि वह नगीनों का कारोबार करता है। 25 अगस्त को उसके मोबाइल पर समीर नाम के युवक का फोन आया। उसने नगीने खरीदने की इच्छा जताते हुए व्यापारी को अंकुर सिनेमा के सामने बुलाया। आरोपी अपनी एक्टिवा से आया था। जबकि व्यापारी अपनी बाइक से मौके पर पहुंचा। दोनों वहां से राजापार्क स्थित मिल्कीवे और इसके बाद केएफसी के पास पहुंचे। आरोपी ने व्यापारी से कहा कि उसे अपने बड़े भाई को माल दिखाना है। इसी बहाने उसने व्यापारी से पन्नों का पैकेट ले लिया और मौका मिलते ही गली के रास्ते भाग गया। पुलिस टीम ने वारदात स्थल से लेकर आरोपी के संभावित भागने के रास्तों पर लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी सहायता और सूचना तंत्र के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड और पूर्व में की गई वारदातों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

तेजाजी महाराज मन्दिर के शिलान्यास रैली मे अज्ञात चोरो द्वारा चुराई गई पिकअप वाहन चोरी का खुलासा

निसं

तारानगर (नवयत्न)। जिला पुलिस अधीक्षक चूरू निश्चय प्रसाद एम आई.पी.एस ने बताया की जिले में अपराधियों एवं सम्पति सम्बन्धी अपराधियो के विरुद्ध लगातार प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रिछपाल सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ व रोहित सांखला वृताधिकारी वृत तारानगर के निर्देशन में जिला चूरू के पुलिस थाना भालेरी ईलाका क्षेत्र मे मोजा डालमाण मे दिनांक 9.8.2026 को श्री तेजाजी महाराज मन्दिर के शिलान्यास रैली मे से अज्ञात चोरो द्वारा पार्किंग मे खडी पिकअप वाहन को चुराकर ले गये। जिस पर थाना भालेरी मे मुकदमा नम्बर 109 दिनांक 10.8.2026 धारा 303 (2) बीएनएस मे दर्ज कर वाहन पिकअप व अज्ञात चोरो की तलाश हेतु थाना स्तर पर श्री अजय कुमार थानाधिकारी पुलिस थाना भालेरी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा अपराध नियंत्रण एवं सम्पति सम्बन्धी अपराधो की चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु जारी निर्देशों की पालना में भालेरी पुलिस की विशेष टीम द्वारा लगातार तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर तंत्र एवं स्थानीय सूचना संकलन के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुये चोरी शुदा वाहन पिकअप व अज्ञात आरोपी की तलाश की जाकर मुल्जिम विकास प्रजापत को गिरफतार किया जाकर चोरीशुदा पीकअप के पार्टस, बॉडी बरामद किये गये। जिनकी अनुमानित कीमत 7 लाख रूप्ये हैं। प्रकरण मे गिरफ्तार मुल्जिम विकास प्रजापत से अनुसंधान में पाया गया कि दिनांक 9.8.2026 को गांव डालमाण मे श्री तेजाजी महाराज के मन्दिर शिलान्यास व श्री हनुमान बेनीवाल माननीय लोकसभा सदस्य की रैली का प्रस्तावित कार्यक्रम सोशल मिडिया पर देखा था। प्रस्तावित कार्यक्रम मे मुल्जिम विकास व उसका साथी प्रदीप बिजारणियां निवासी नेतडवास ने प्रदीप बिजारणियां की स्कोर्पियो वाहन लेकर रैली में से वाहन चोरी करने का प्लान बनाकर रैली व शिलान्यास से पूर्व दिनांक 9.8.2026 शाम को गांव डालमाण पहुंचे व रैली पार्किंग मे खडे वाहनो की रैकी कर मौका पाकर वाहन पिकअप को चुराकर ले गये। घटनास्थल से चोरी छुपे रास्तो से होते हुए मुल्जिम विकास ने पिकअप वाहन को अपने गैराज सेवद बड़ी मे ले जाकर अलग-अलग पार्टस मे खोल दिया तथा मुल्जिम का साथी प्रदीप बिजारणियां द्वारा अपने वाहन स्कोर्पियो से घटनास्थल से गांव सेवद बडी तक पुलिस नाकाबंदी से बचने के लिए वाहन पिकअप की एस्कोर्ट करना पाया गया। प्रकरण मे मुल्जिम प्रदीप बिजारणियां निवासी नेतड़वास व अन्य संल्पित आरोपीगण की तलाश जारी है। मुल्जिम विकास प्रजापत पुत्र भवंरलाल जाति प्रजापत उम्र 31 साल निवासी नासण्वा बडा गांव पुलिस थाना नेछवा हाल श्री श्याम मोटर गैराज सेवद बड़ी पुलिस थाना सदर सीकर जिला सीकर का आपराधिक रिकार्ड भी है। वाहन पिकअप व अज्ञात मुल्जिमान की तलाष व खुलासा मे श्री जोधराज कानि 897 की विषेष भूमिका रही है।

पुलिस टीम में शामिल सदस्य.

अजय कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भालेरी, हरफुल सउनि पुलिस, सन्दीप कुमार एचसी, कुलदीप कानि. 1098, जोधराज कानि 897, चूरू पुलिस आमजन से अपील करती है। कि चोरी व नकबजन करने वाले अपराधियो तथा आपराधिक गतिविधियों संबंधी किसी भी सूचना की तुरंत पुलिस को जानकारी दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

रोज सुबह खाली पेट करें ये एक्सरसाइज, फैट होगा कम

हर व्यक्ति फिट और हेल्दी रहना चाहता है। लेकिन कुछ लोगों को अपने मोटापे की वजह से परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। वैसे तो शरीर के किसी भी हिस्से पर जमा फैट पूरे लुक को खराब कर देता है. खासकर, जब बैली पर एक्स्ट्रा फैट जमा होता है, तो इससे आपको अंडरकॉन्फिडेंट भी फील होता है। ऐसे में अगर आपके बैली पर भी फैट जमा है, तो आप रोजाना कुछ एक्सरसाइज की प्रैक्टिस कर सकते हैं।

बर्पी एक्सरसाइज

अगर आप अपना बैली फैट बर्न करना चाहते हैं, तो बर्पी एक्सरसाइज कर सकते हैं। बर्पी एक्सरसाइज आपके कोर, छाती, कंधों और ट्राइसेप्स को मजबूत बनाता है। साथ ही वेट लॉस में भी मदद कर सकता है। शुरुआत में इस एक्सरसाइज को करने में कठिनाई हो सकती है।

बर्पी एक्सरसाइज करने का तरीका

- बर्पी करने के लिए आप खड़े हो जाएं।
- इसके बाद घुटनों को मोड़ें और स्क्वॉट्स की पोजिशन में आ जाएं।
- अपने दोनों हाथों को फर्श पर रखें।
- पैरों को पीछे की तरफ ले जाएं, फिर पैरों को पीछे की तरफ धकेलें।
- इसके बाद पैरों को फिर हाथों के करीब ले आएं।
- इसके बाद उछलते हुए खड़े हो जाएं।
- ऐसा ही लगातार 5-10 मिनट तक कर सकते हैं।
- इससे आपको बैली फैट कम करने में काफी मदद मिलेगी।

माउंटेन क्लाइंबर एक्सरसाइज

बैली फैट घटाने के लिए माउंटेन क्लाइंबर एक्सरसाइज करना भी फायदेमंद हो सकता है। शुरुआत में आपको इस एक्सरसाइज को करने में थोड़ी दिक्कत महसूस हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे प्रैक्टिस से आप इसे आसानी से कर सकते हैं। रोजाना सुबह माउंटेन क्लाइंबर एक्सरसाइज करने से आपको वेट लॉस में काफी मदद मिल सकती है।

माउंटेन क्लाइंबर एक्सरसाइज करने का तरीका

- इस एक्सरसाइज को करने के लिए सबसे पहले घुटनों पर टेक लगाकर बैठ जाएं।
- अपने दोनों हाथों को सामने की तरफ फर्श पर रख दें।
- इसके बाद दोनों पैरों को पीछे की तरफ पूरा सीधा कर लें।
- अब अपने दाएं पैर को घुटने से मोड़ें और छाती तक ले आएं।
- फिर दाएं पैर को सीधा करें लें।
- इसके बाद जब दायां पैर सीधा हो जाए, तो बाएं पैर को घुटने से मोड़ लें।
- बाएं पैर के घुटने को छाती तक लाएं।
- इस प्रक्रिया को लगातार 10 मिनट तक दोहरा सकते हैं।
- ऐसा करने से आपका बैली फैट बर्न होगा, साथ ही आप फिट भी रहेंगे।

बोसु बॉल एक्सरसाइज

रोजाना बोसु बॉल एक्सरसाइज करने से आप अपना बैली फैट घटा सकते हैं। अगर आपका ओवर वेट है, तो आपको बोसु बॉल की रेगुलर प्रैक्टिस करनी चाहिए। इससे आपको काफी लाभ मिल सकता है। बोसु बॉल एक्सरसाइज आप आसानी से कर सकते हैं।

बोसु बॉल एक्सरसाइज करने का तरीका

- बोसु बॉल एक्सरसाइज करने के लिए आपको सबसे पहले बोसु बॉल की जरूरत पड़ती है।
- इसके बाद बोसु बॉल को जमीन पर रखें।
- इसके समतल वाले हिस्से को ऊपर की तरफ रखें।
- फिर अपने पैरों को सीधा करें और हाथों को बोसु बॉल के किनारों पर रखें।
- इस स्थिति में आपके पैरों की उंगुलियां जमीन पर रहनी चाहिए।
- हाथ बोसु बॉल के किनारों पर रखने चाहिए।
- आपकी पूरी बॉडी ऊपर रहेगी, इसके बाद आप पुशअप्स लगा सकते हैं।
- या फिर इसी पोजिशन में थोड़ी देर रुक सकते हैं।
- इससे आपका शरीर मजबूत बनेगा और बैली फैट बर्न होने में मदद मिलती है।

इंडोस्कोपी : एक्यूट स्पाइनल कॉर्ड इंज्यूरी में भी कारगर

रीढ़ की हड्डी की चोट क्या इतनी खतरनाक हो सकती है? रीढ़ की हड्डी यानी स्पाइनल कार्ड नसों का वह समूह होता है जो कि दिमाग का संदेश शरीर के अन्य अंगों तक पहुंचाता है। ऐसे में, यदि स्पाइनल कार्ड में किसी भी प्रकार चोट लग जाना यानी स्पाइनल कार्ड इंज्यूरी को पूरे शरीर के लिए बेहद घातक माना जाता है। चोट को तीन प्रकार से बांटा जा सकता है जैसे नसों में हल्की चोट जिसे कंट्यूजन कहा जाता है। नस का थोड़ा सा फटना या नस का पूरा फट जाना जिसे स्पाइनल कोर्ड में ट्रांसेक्शन के नाम से भी जाना जाता है। स्पाइनल कार्ड में चोट लगने की वजह से दुनिया में कई युवा और बच्चे किसी न किसी विकार, विकलांगता या मौत का शिकार हो जाते हैं।

कैसे होता है एक्यूट स्पाइल इंज्यूरी? उन केसों में जहां गर्दन या स्पाइनल कार्ड बुरी तरीके से मुड़ जाती है जैसे-

पैदा होते समय भी अक्सर स्पाइनल कार्ड में चोट लग जाती है। कहीं से गिरने पर, सडक दुघर्टना, खेलते समय चोट लगना, डाइविंग करने से, घुड़सवारी करते समय गिर जाने से, गोली लगने से।

किसी भी दुर्घटना के बाद चोट की गंभीरता इस पर निर्भर करती है कि



स्पाइनल कोर्ड का कौन सा भाग चोटग्रस्त हुआ है? मरीज की जटिलता इस पर भी निर्भर करती है कि मरीज को कंप्लीट इंज्यूरी है या इनकंप्लीट। कंप्लीट इंज्यूरी के केस में मरीज को चोटिल भाग में और आसपास किसी हरकत का एहसास नहीं होता है। सब कुछ जैसे सुन्न हो जाता है लेकिन इनकंप्लीट इंज्यूरी में मरीज को चोटिल भाग में दर्द, हरकत या किसी प्रकार का एहसास अवश्य होता है। जितनी बड़ी इंज्यूरी होती है, केस उतना ही गंभीर होता है और इंज्यूरी जितनी कम या छोटी होती है केस में जटिलता कम होती है। मरीज को कुछ अन्य लक्षण भी उभर सकते हैं जैसे-मांस पेशियों में कमजोरी, पैरों हाथों व छाती की मांसपेशियों में हरकत न होना। सांस लेने में तकलीफ, पैरों हाथों व छाती में कोई हरकत न होना, ब्लैडर मूवमेंट में असमर्थता, निदान किस प्रकार किया जाता है? रक्त जांच, एक्स रे, सीटी स्कैन या कैट स्कैन, एम आर आई।

उपचार : स्पाइनल कार्ड इंज्यूरी का उपचार जटिलता को देखकर किया जाता है और कुछ अन्य कारकों पर भी ध्यान दिया जाता है जैसे किस प्रकार की इंज्यूरी है, मरीज का शरीर कौन सा उपचार झेल सकता है? चोट लगने के बाद तुरंत ही कुछ उपचार करने होते हैं जैसे गर्दन आदि में प्लास्टर, कभी-कभी सर्जरी करने की भी जरूरत पड़ जाती है ताकि मरीज की इंज्योरी से उसके शरीर को अधिक नुकसान न पहुंचे। एक्यूट स्पाइनल इंज्योरी कार्ड के अधिकत केसों में चोट लगने के बाद मरीज को आई सी यू में वेंटिलेटर पर रखा जाता है। पेय पदार्थ देने के लिए मरीज के गले में नली लगाई जाती है। मल-मूत्र के लिए भी एक ट्यूब लगाई जाती है। डाक्टरों की टीम बराबर मरीज के दिल की धडकन, ब्लड प्रेशर आदि पर निगरानी रखते हैं और मरीज को दवाइयां दी जाती हैं।

कई केसों में इंडोस्कोपी से भी मरीज की कुछ समस्याओं को कम करने का प्रयास किया जाता है। इस प्रक्रिया में एक छोटा सा छेद करके लेजर के माध्यम से यह उपचार किया जाता है। इसमें रक्तस्राव व चीर-फाड़ कम होती है। इसीलिए हर बड़ी सर्जरी के स्थान पर संभव हो सके तो इंडोस्कोपी को वरीयता दी जाती है। ऐसे केसों में मरीजों को लंबे समय तक हास्पिटल में रुकना पड़ सकता है। मरीज को रीहैबिलिटेशन की आवश्यकता भी हो सकती है। इलाज हो जाने के बाद रीहैबिलिटेशन एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इससे मरीज को फिर से सामान्य जीवन में वापस लौटने में सहायता मिलती है और वह जल्दी से जल्दी अपने काम शूरू कर सकता है। स्वास्थ्य लाभ की इस प्रक्रिया के अंतर्गत फिजिकल थेरैपिस्ट मरीज को उसकी ताकत और संतुलन फिर से हासिल करने में सहायता पहुंचाता है। स्पीच थैरेपिस्ट इस परेशानी से निजात पाने में मरीज की सहायता करता है। बीमारी के कारण मरीज की सामान्य दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित होती है।

ऑकुपेशनल थैरेपिस्ट मरीज को खाने, पीने, नहाने, शौचालय जाने, कपड़े पहनने जैसे दैनिक क्रियाओं को अंजाम देने में सहायता पहुंचाता है, उसे यह सब करने को तैयार करता है। ये मरीज और उसके परिवार के लिए बेहद दुखदायी समय होता है। ऐसे में मरीज को अपनों के प्यार व प्रोत्साहन की बहुत जरूरत होती है जो कि मरीज को मानसिक तौर पर इतना मजबूत बनाए कि उसके अंदर जीने व ठीक होने की इच्छा दृढ़ हो और वह उपचार में पूरी तरह से सहयोग कर सके।

आंखों में देसी घी लगाने से होते है ये फायदे

देसी घी खाने के कई फायदे होते हैं। इससे आपका शरीर स्वस्थ रहता है और हड्डियां मजबूत होती है। यह आपकी मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और कोलेस्ट्रॉल लेवल को नियंत्रित रखता है। कइ लोगों के यह लगता है कि घी खाने से मोटापा बढ़ सकता है लेकिन ऐसा नहीं होता है। अगर आप देसी घी का सेवन करते हैं, तो इससे आपके पेट की चर्बी कम हो सकती है। साथ ही बॉडी में गुड फैट भी बना रहता है। लेकिन क्या आपको पता है कि आंखों पर देसी घी लगाने से आपको कई लाभ मिल सकते हैं। इससे आपके आंखों की सूजन, जलन और रैशेज की समस्या दूर हो सकती है।

साथ ही देसी घी आंखों में लगाने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और फिर ये आंखों की मांसपेशियों में आराम दिला सकता है। अगर आपको डार्क सर्कल्स की समस्या है, उनको दिनभर में एक बार आंखों में देसी घी जरूर लगानी चाहिए।

आंखों का दर्द दूर करे : कई लोगों को दिनभर की थकान और कामकाज के बाद आंखों में दर्द की परेशानी होने लगती है। आंखों में दर्द के कारण सिरदर्द और भारीपन की दिक्कत भी महसूस होने लगती है। ऐसे में आप आंखों की कमजोरी और थकान दूर करने के लिए देसी घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। रात को सोने से पहले आप देसी घी हथेली में लेकर उंगलियों के मदद से आंखों के आसपास सर्कल बनाकर मसाज करें। इससे आंखों का दर्द और कमजोरी दूर हो सकती है।

आंखों में जलन और सूजन : आंखों में जलन और सूजन को दूर करने के लिए आप आंखों में घी लगा सकते हैं। देसी घी में विटामिन ए, डी, कैल्शियम, फॉस्फोरस, मिनरल्स और पोटैशियम पाए जाते हैं, जो आंखों की रोशनी बढ़ाने और जलन को दूर कर सकता है। इसके लिए आप आंखों के पास घी लगाकर मालिश करने से सूजन दूर हो सकती है।

डार्क सर्कल्स कम करे : डार्क सर्कल्स की समस्या को दूर करने के लिए आप आंखों में देसी घी लगा सकते हैं। इससे आंखों की आसपास ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और डार्क सर्कल्स की परेशानी दूर हो सकती है। इससे आपके आंख सुंदर नजर आते हैं। इसके अलावा आप रात को भरपूर नींद भी लें। ये स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है।

रोशनी बढ़ाने के लिए उपयोगी : आज के समय में अधिक देर तक कंप्यूटर और मोबाइल फोन चलाने के कारण लोगों की आँखों की रोशनी कमजोर होती जा रही है। ऐसे में धीरे-धीरे आंखों कमजोर होने लगते हैं और मांसपेशियों में खिंचाव महसूस होने लगती है। ऐसे में देसी घी से मसाज करने से आंखों की रोशनी बढ़ सकती है और साथ ही मांसपेशियों को आराम मिलता है।

आँखों के आसपास रैशेज : बारिश के मौसम में आंखों या स्किन पर रैशेज की समस्या हो सकती है। ऐसे में इन रैशेज और एलर्जी को दूर करने के लिए आप आंखों के आसपास देसी घी लगा सकते हैं।

हाथ के नाखून रगड़ने से मिल सकते हैं ये फायदे, इसका सही तरीका

हम में से ज्यादातर लोग यह नहीं जानते हैं कि शरीर को सेहतमंद रखने में हमारे नाखून भी अहम भूमिका निभाते हैं। क्या आप जानते हैं सिर्फ नाखून से नाखून रगड़ने से ही कई गंभीर समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है? नाखून रगड़ना एक बेहतरीन व्यायाम है और इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि आप इसे कहीं भी और कभी भी कर सकते हैं। जब आप हाथ के नाखूनों को आपस में रगड़ते हैं, तो इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। जब आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन ठीक से नहीं होता है तो इससे त्वचा, बाल, मस्तिष्क के साथ ही हड्डियों और मांसपेशियों को भी नुकसान पहुंचता है। ऐसे में नाखून रगड़ने से आपको इन स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा पाने में मदद मिल सकती है, लेकिन सिर्फ तब जब आप नाखूनों को आपस में सही तरीके से रगड़ते हैं। लेकिन बहुत से लोग नाखून रगड़ने का सही तरीका नहीं जानते हैं।



बालों की समस्याएं दूर होती हैं

नाखून आपस में रगड़ने के स्कैल्प तक ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे बालों को पर्याप्त पोषण मिलता है। इससे बालों का झड़ना कम होता है, बाल मजबूत होते हैं और बालों में प्राकृतिक चमक आती है।

गंजापन की समस्या के लिए रामबाण उपाय है

नियमित रूप से नाखून रगड़ने का अभ्यास करने बालों का झड़ना कम होता है। इससे बालों का रुका हुआ विकास फिर से शुरू होता है और नए बाल उगना शुरू होते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जब आप नाखूनों को आपस में रगड़ते हैं तो नर्व एंडिंग्स डेड हेयर फॉलिकल्स को दोबारा पुनर्जीवित करने के लिए मस्तिष्क को यह संकेत भेजती हैं।

ब्रेन फंक्शन में सुधार होता है

हमारे नाखूनों में कई एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स होते हैं, जो सीधा मस्तिष्क से जुड़े होते हैं। जब आप नाखून रगड़ते हैं तो इससे एक्यूप्रेशर पॉइंट दबते हैं और मस्तिष्क के कार्य करने की क्षमता में सुधार होता है। इससे दिमाग तेज होता है और चिंता, तनाव जैसी समस्याओं का जोखिम कम होता है।

त्वचा के लिए फायदेमंद है

नाखून रगड़ने से त्वचा पर प्राकृतिक चमक आती है, यह आपकी त्वचा में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है और त्वचा की कोशिकाओं को पोषण मिलता है। यह एजिंग के लक्षणों को कम करने में भी मदद करता है।

एलर्जी और चर्म रोग में आराम मिलता है

त्वची की कई समस्याओं जैसे चकत्ते, दानें, एलर्जी जैसी समस्याओं से राहत पाने के लिए भी नाखून रगड़ने का अभ्या बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है।

उल्टा सोने की आदत से हो सकते है ये नुकसान

सोने की सही आदत शरीर को स्वस्थ रहने में मदद करती है। कई बार हम गलत पोजीशन में सोते हैं, जिस कारण कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं। कुछ लोगों को पेट के बल यानी उल्टा लेटकर सोने की आदत होती है। ये स्लीपिंग पोजीशन शरीर के लिए अच्छी नहीं मानी जाती है। उल्टे होकर सोने से बॉडी पॉश्चर सही नहीं रहता जिस कारण गर्दन, पीठ और कूल्हे में दर्द रह सकता है। कोई व्यक्ति अगर लंबे समय से पीठ के बजाय पेट के बल सोता है, तो उसे कई बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। उल्टा सोने से नींद में भी बाधा उत्पन्न होती है। कई बार उल्टा सोने की आदत की वजह से नींद न पूरी होने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

सिर में भारीपन रहना : कई बार उल्टा सोने की आदत की वजह से नींद नहीं पूरी होती, जिस कारण सिर भारी रहने लगता है। अगर आप तकिया लगाकर उल्टा सोते हैं, तो इससे ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है, जिस कारण सिर में भारीपन और सिरदर्द की समस्या हो सकती हैं। लंबे समय तक उल्टे सोने से सिरदर्द की समस्या बढ़ भी सकती है।

गर्दन में दर्द : उल्टे सोने की आदत की वजह से गर्दन के दर्द की समस्या हो सकती



है। उल्टा सोने की वजह से गर्दन मुड़ी रहती है, जिस कारण सिर तक ब्लड की सप्लाई प्रभावित होती हैं और गर्दन मे दर्द होता हैं। कई बार ये दर्द लगातार रहने से सर्वाइकल की समस्या भी हो सकती है। गर्दन का दर्द कंधों और हाथों तक भी पहुंच जाता है, जिस कारण नॉर्मल काम करने में भी परेशानी हो सकती है।

पेट की समस्या : उल्टा सोने की आदत की वजह से पेट से जुड़ी भी कई तरह की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। लगातार उल्टा सोने की वजह से अपच, कब्ज और पेट में दर्द जैसी समस्याएं बनी रहती हैं। उल्टा सोने की वजह से रात भर पेट पर भार बना रहता है, जो खाना पचाने की प्रक्रिया को प्रभावित करता है। इससे बाद में कब्ज और अपच आदि समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

स्किन से जुड़ी परेशानियां

नींद पूरी नहीं होने के कारण स्किन बेजान और डल नजर आती है। उल्टा सोने की वजह से स्किन को ठीक ढंग से ऑक्सीजन का सप्लाई नहीं हो पाता, जिस कारण स्किन से जुड़ी परेशानियों होने का खतरा बना रहता है। कई बार उल्टा सोने की वजह से नींद में बार-बार खलल पड़ता है और नींद पूरी नहीं हो पाती। इससे स्किन पर पिंपल्स, एक्ने और झुर्रियां आदि की समस्या भी बढ़ने लगती है। कई बार बेड पर मौजूद गंदगी स्किन पर कई प्रॉब्लम्स का कारण बनती है।

ब्रेस्ट में दर्द

महिलाएं अगर लगातर उल्टा सोती हैं, तो ब्रेस्ट में दर्द हो सकता है। पेट के बल सोने की वजह से ब्रेस्ट पर लगातार दबाव बनता है और उनमें दर्द की शिकायत हो सकती है। प्रेगनेंट महिलाओं को भी उल्टा सोने की आदत से भी बचना चाहिए।

शरीर में सूजन या दर्द को दूर करने में मदद करेंगे ये विटामिन व सप्लीमेंट

हमारे शरीर को कई तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है। कई बार शरीर में कुछ पोषक तत्वों की कमी के कारण सूजन या दर्द की समस्या होने लगती है। ऐसे में अधिकतर लोग दवाइयों या सप्लीमेंट का सेवन करते हैं। लेकिन लंबे समय में इनसे आपके स्वास्थ्य पर बुरा असर भी पड़ सकता है। ऐसे में आपको अपनी डाइट में ऐसे विटामिन, पोषक तत्व शामिल करने चाहिए जिनसे सूजन को दूर किया जा सके।

विटामिन ए : अगर आप अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाना चाहते हैं तो विटामिन ए का सेवन करें। यह शरीर की सूजन को दूर करने में भी मदद करता है। विटामिन ए मुख्य रूप से दूध, दही गाजर और पत्तेदार सब्जियों में मौजूद होता है।

ब्रोमलेन : ब्रोमलेन का इस्तेमाल दांत, नाक और पैर की सर्जरी के बाद सूजन को कम करने के लिए किया जाता है। यह आपको अनानास के जूस से मिल सकता है लेकिन सिर्फ जूस से इसकी आपूर्ति नहीं होती। इसके लिए आप कैप्सूल या टैबलेट का सेवन कर सकते हैं।

विटामिन ई : विटामिन ई हमारे शरीर में एंटी-ऑक्सीडेंट और इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करता है। यह शरीर में सूजन को कम करता है और गठिया में भी मददगार होता है। विटामिन ई मुख्य रूप से ऑलिव ऑयल, बादाम, मीट और डेयरी प्रोडक्ट्स में मिलता है।

लहसुन : लहसुन में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं तो मांसपेशियों की सूजन को दूर करने में मदद करते हैं। इससे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बनता है। शरीर में दर्द और सूजन को दूर करने के लिए रोजाना सुबह खाली पेट कच्चा लहसुन खाएं।

ओमेगा 3 फैटी एसिड

ओमेगा 3 फैटी एसिड हमारे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह दर्द और सूजन को दूर करने में मददगार होता है। लेकिन हमारे शरीर के अंदर यह तत्व नहीं बनता है। इसलिए ओमेगा 3 फैटी एसिड का सप्लीमेंट लेना पड़ता है। इसके लिए आप केल, अलसी के बीज, नट्स व अंडे खा सकते हैं।

मूंग मसूर की दाल में है कई गुण, इसके ये असरदार फायदे

सभी तरह की दालें स्वास्थ्य के लिए हेल्दी होती हैं। लेकिन कुछ ऐसी दालें होती हैं जिसे आप हर सीजन में और किसी भी स्थिति में खा सकते हैं। ऐसे दालों में मूंग और मसूर की दालें शामिल हैं। मूंग और मसूर कई आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए हेल्दी हो सकता है। खासतौर पर मूंग की दाल को कई एक्सपर्ट नियमित रूप से खाने की सलाह देते हैं। वहीं, मसूर की दाल प्रोटीन से भरपूर होती है जो आपके शरीर के समग्र विकास के लिए जरूरी होता है। अगर आप शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इन दोनों को मिक्स करक खाएं। मूंग और मसूर की दाल को मिक्स करके खाने से शरीर को संतुलित पोषण मिलता है।

मूंग मसूर को मिक्स करना क्यों है हेल्दी : मूंग मसूर की दाल को मिक्स करके आप किसी भी सीजन में खा सकते हैं। दरअसल, मूंग के दाल की तासीर ठंडी होती है। वहीं, मसूर की दाल की तासीर गर्म होती है। ऐसे में दोनों का मिश्रण इनकी तासीर को संतुलित करता है जिसे आप किसी भी सीजन में मिक्स करके खा सकते हैं।

बरसात में है हेल्दी : मूंग मसूर की दाल बरसात में आपके स्वास्थ्य के लिए हेल्दी होता है। खासतौर पर बरसात के दिनों में पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए आप मूंग मसूर की दाल खा सकते हैं।

यह कब्ज, उल्टी, मतली जैसी परेशानियों को कम कर सकता है। अगर आपकी पाचन शक्ति कमजोर हो रही है तो आप इसे मिक्स करके आसानी से खा सकते हैं। इससे आपको किसी तरह की परेशानी महसूस नहीं होती है।

प्रोटीन से है भरपूर : मूंग मसूर की दाल का सेवन करने से आपके शरीर को भरपूर रूप से प्रोटीन प्राप्त होता है। खासतौर पर मसूर की दाल में प्रोटीन की अधिकता होती है। हालांकि, इसकी तासीर काफी गर्म होती है। ऐसे में मूंग के साथ मिक्स करके इसका सेवन करना आपके लिए अधिक हेल्दी होता है।

वजन करे कम : वजन कम करने के दौरान आप मूंग मसूर की दाल का सेवन कर सकते हैं। यह वजन घटाने में आपकी मदद करता है। दरअसल, इसमें मौजूद फाइबर औप प्रोटीन लंबे समय तक आपके पेट को भरा रखती है। इससे आप ओवरईटिंग से बच सकते हैं, जिसकी वजह से आपको बिना वजह भूख नहीं लगती है।

डायबिटीज का खतरा करे कम

मूंग मसूर की दाल का सेवन करने से डायबिटीज की समस्याओं को कंट्रोल किया जा सकता है। इसमें मौजूद गुण ब्लड शुगर को कंट्रोल कर सकता है, जिससे डायबिटीज की परेशानियों को कम किया जा सकता है।

कोलेस्ट्रॉल लेवल घटाए

मूंग मसूर की दाल का सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम किया जा सकता है। दरअसल, इनमें फैट की मात्रा काफी कम होती है। साथ ही यह कई तरह के मिनरल्स से भरपूर होता हैं, जो शरीर में ब्लड सर्कुलेट करने में असरदार हो सकते हैं।

भामरा विद्यालय में समाजसेवी पेंशिया ने डबल बैटरी इन्वर्टर भेंट किया

निसं

तारानगर (नवयत्न)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भामरा को समाजसेवी एवं भामाशाह राजेश कुमार पेंशिया रेवासी ने डबल बैटरी के लिए इनवर्टर सप्रेम भेंट किया है। विद्यालय प्रधानाचार्य कमलेश ने बताया कि कंप्यूटर लैब में कम वोल्टेज कारण कंप्यूटर, स्मार्ट बोर्ड, पंखे आदि उपकरण नहीं चल पाते है, जिसके लिए डबल बैटरी वाले इनवर्टर की महती आवश्यकता थी, विद्यालय को इनवर्टर भेंट करने के लिए समस्त स्टाफ कि ओर से भामाशाह प्रेरक अध्यापक भगवान राम ने भामाशाह पेंशिया का बहुत-बहुत आभार व धन्यवाद प्रेषित किया, इस अवसर पर अनिल कुमार ई मित्र भामरा एवं यूथ क्लब सदस्य आदराम जाट ने समस्त ग्राम वासियों की ओर से भामाशाह राजेश कुमार पेंशिया का अभीनन्दन किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त डाइट प्राचार्य देवकरण सिंह, प्राध्यापक कृष्ण कुमार, वरिष्ठ अध्यापक मुकेश कुमारी, मंजू बाला, गुलजारीलाल, अध्यापिका सुशीला पूनियां, शारदा, मनीराम, भारती पारिक, कनिष्ठ सहायक लक्ष्मी, सुभाष कुमार सहित समस्त स्टाफ व अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नेत्र जांच से लेकर बीपी-शुगर की जांच तक शिविर में 320 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

जयशंकर जांगिड़

झुंझुनू (नवयत्न)। चावो दादी मंदिर परिसर में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं महावीर इंटरनेशनल रानी अहिल्या वीरा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र चिकित्सा एवं बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में 320 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर का आयोजन रोहिताश एवं दर्शना देवी रावत परिवार मंड्रेला के सौजन्य से किया गया। संयोजक श्याम सुंदर जालान ने बताया कि टिबड़ा आई हॉस्पिटल की टीम ने 196 मरीजों की आंखों की जांच की। इनमें 115 मरीजों को नि:शुल्क चश्मे और जरूरत के अनुसार दवाइयां दी गईं। जांच के दौरान 16 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन सोमवार को कराया जाएगा। वहीं अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल की टीम ने मधुमेह, उच्च रक्तचाप, दमा और सांस संबंधी बीमारियों से जुड़े 124 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराईं। शिविर में डॉ. एसएन शुक्ला, श्यामसुंदर जालान, महेश कुमार मूंडए रमाकांत हलवाई, रूपेश खेतान, पवन कुमार खेतान, सूमेर सिंह कर्णावत, हरिकिशन खेतान, आरती मूंड, सुधा पूनिया, राजदीप महर्षि, पंकज जालान, राजेश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नितिन जालान, बजरंग लाल अग्रवाल, प्रदीप कुमार शुक्ला, शिव प्रसाद महर्षि, सीताराम सैनी, कैलाश चंद्र शर्मा, देवेंद्र कुमार गोड़, रोहिताश रावत, दर्शना देवी रावत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

20 घंटे बाद ग्रामीणो का धरना समाप्त, एसई के आश्वासन के बाद माने ग्रामीण



निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। गांव चारिया से शोभासर तक करीब आठ किलोमीटर लंबी सड़क जिसकी लागत एक करोड़ पचपन लाख रु बताई गई है, इस सड़क के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। सड़क निर्माण के महज दो महीने बाद ही सड़क उखड़ने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने रात को पहुंचकर धरना शुरू कर दिया और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान तीन ग्रामीणों ने मांगों को लेकर भूख हड़ताल भी शुरू कर रखी थी। ग्रामीणों का कहना है, कि सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसके चलते सड़क बनने के कुछ ही समय बाद जगह-जगह से उखड़ने लगी। ग्रामीणों ने सड़क को दोबारा गुणवत्तापूर्ण तरीके से बनाने तथा संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की है।

रात भर धरने पर बैठे ग्रामीण पीडबल्यूडी ऑफिस के बाहर ही टेंट लगाकर सो गए। सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। हालांकि ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद चूरू से पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता भीमसेन स्वामी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों की ओर से मांगों पर लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त करने पर सहमति जताई। अधीक्षण अभियंता भीमसेन स्वामी ने बताया कि सड़क निर्माण की जांच करवाने, दोषी पाए जाने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने और 100 दिन के भीतर री टेंडर करवा कर सड़क का निर्माण करने के लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना उठा लिया है।

राजस्थानी संस्कृति को विश्व मंच तक पहुंचाएगा केसरिया प्रोडक्शन

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान की आन-बान-शान, समृद्ध संस्कृति और सनातन परंपराओं को आधुनिक माध्यमों के जरिए देश-दुनिया तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को केसरिया प्रोडक्शन का शुभारंभ हुआ। प्रोडक्शन हाउस के जरिए राजस्थान की लोक संस्कृति, कला, संगीत, परंपराओं और राजस्थानी परिवेश को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ नई प्रतिभाओं को मंच देने की पहल की गई है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा राजस्थान के प्रदेश संयोजक ईश भारद्वाज ने कहा कि भारतीय सिनेमा ने देशभक्ति और संस्कृति से जुड़े विषयों को विश्व स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केसरिया प्रोडक्शन राजस्थान की संस्कृति और सनातन विरासत को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि मध्यमवर्गीय परिवारों के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, उन्हें अवसर और मंच उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

प्रोडक्शन हाउस के प्रमोटर हर्ष भारद्वाज ने कहा कि राजस्थान का केसरिया केवल रंग नहीं, बल्कि वीरता, गौरव, त्याग, परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है। इसी भाव को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की गई है। राजस्थानी परिवेश और संस्कृति को आधुनिक तकनीक एवं सोच के साथ प्रस्तुत कर ऐसा कंटेंट तैयार किया जाएगा, जो देश-विदेश के दर्शकों को राजस्थान की मिट्टी से जोड़ सके। इस कार्यक्रम में पूनम आचार्य, किशोर टांक, पंजाबी गायक कुशाल जाट, मीना आसोपा, नीरज चतुर्वेदी, एम. इकबाल बबलू, पुष्पलता आत्रेय, कुलदीप सिंह राणा, गिरीश माथुर, विनोद बराडिया, पीयूष गोयल, सुरेश मीणा, मंजू जोशी, देवेंद्र राठौर और विजय मलकानी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि राजस्थान के लोकगीत, लोकनृत्य, पारंपरिक वेशभूषा, खान-पान, कला, स्थापत्य, वीरगाथाएं और सनातन जीवन मूल्य इसकी विशिष्ट पहचान हैं। आधुनिक सिनेमा और डिजिटल माध्यमों के जरिए इन विरासतों को नई पीढ़ी और वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाया जा सकता है। आयोजकों ने कहा कि परंपरा से जुड़े रहते हुए आधुनिकता के साथ आगे बढ़ना ही प्रोडक्शन हाउस का लक्ष्य है।

फरार कुख्यात चैन स्नैचर और हिस्ट्रीशीटर समेत दो स्थाई वारंटी गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आगामी नगरीय निकाय चुनावों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए जयपुर पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे शिवदासपुरा थाने के हिस्ट्रीशीटर और कुख्यात चैन स्नैचर अर्जुन उर्फ बबलू गुर्जर सहित दो स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी अपनी पहचान छिपाकर लंबे समय से फरारी काट रहे थे। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि जिले में वांछित अपराधियों, स्थाई वारंटियों, ईनामी बदमाशों और फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस की विशेष टीम ने आसूचना तंत्र को सक्रिय करने के साथ तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाकर जाल बिछाया और दोनों स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अर्जुन उर्फ बबलू गुर्जर निवासी शिवदासपुरा, जयपुर दक्षिण शामिल है। पुलिस के अनुसार अर्जुन शिवदासपुरा थाने का चिन्हित हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ जयपुर आयुक्तालय सहित अन्य जिलों के विभिन्न थानों में चैन स्नेचिंग, लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में कुल 49 मामले दर्ज हैं। जवाहर सर्किल थाने में वर्ष 2009 में दर्ज वाहन चोरी के मामले में अदालत की ओर से स्थाई वारंट जारी किया गया था। इसके बाद से अर्जुन पिछले करीब 7 वर्षों से अपनी पहचान छिपाकर फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर स्थाई वारंट की तामील कराई है। वहीं दूसरा गिरफ्तार आरोपी ओमप्रकाश प्रजापत निवासी रामनगरिया जयपुर पूर्व है। पुलिस के अनुसार ओमप्रकाश के खिलाफ जवाहर सर्किल थाने में वर्ष 2011 में लूट का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में जमानत मिलने के बाद वह लगातार अपनी पहचान छिपाकर फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों आरोपियों से फरारी के दौरान उनकी गतिविधियों और इस अवधि में की गई अन्य आपराधिक वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है। कि नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए वांछित अपराधियों और स्थाई वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल कायम रखा जा सके।

डोभाल की कूटनीति और भारत-चीन संबंधों की नई करवट

भारत और चीन के संबंधों में पिछले कुछ वर्षों की तल्खी के बाद अब संवाद, संयम और व्यावहारिक सहयोग का एक नया दौर दिखाई दे रहा है। इसे किसी अचानक आए परिवर्तन के रूप में नहीं, बल्कि सुरक्षा, कूटनीति और राष्ट्रीय हितों को साथ लेकर चलने वाली एक दीर्घकालिक प्रक्रिया के रूप में देखना चाहिए। इस बदलते परिदृश्य में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण बनकर सामने आई है। 25 अगस्त को बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हुई 25वें दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता ने इस प्रक्रिया को ठोस आधार दिया है। दोनों पक्षों ने सीमा पर शांति बनाए रखने, सीमा निर्धारण की दिशा में शीघ्र एवं सार्थक प्रगति करने तथा सैन्य-द्विपक्षीय संपर्क व्यवस्था को मजबूत करने पर सहमति बनाई है। डोभाल की बीजिंग यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह केवल सीमा विवाद पर बातचीत नहीं थी। यह उस व्यापक प्रश्न पर विमर्श था कि क्या भारत और चीन प्रतिस्पर्धा के बावजूद सह-अस्तित्व, स्थिरता और पारस्परिक हितों का रास्ता तलाश सकते हैं। दोनों देशों ने दो अतिरिक्त सैन्य संपर्क-बिंदु और पूर्वी तथा मध्य क्षेत्रों में दो अतिरिक्त सैन्य दूरभाष संपर्क स्थापित करने पर सहमति जताई है। सीमा व्यापार, कैलाश-मानसरोवर यात्रा और सीमा-पार सहयोग को भी आगे बढ़ाने का निर्णय हुआ है।

अजीत डोभाल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे सुरक्षा और कूटनीति को परस्पर विरोधी नहीं मानते। उनका दृष्टिकोण स्पष्ट है- मजबूत सुरक्षा-व्यवस्था ही प्रभावी कूटनीति की आधारभूमि बन सकती है। चीन के संदर्भ में भी भारत का संदेश यही रहा है कि सीमा पर शांति और स्थिरता के बिना द्विपक्षीय संबंधों का पूर्ण सामान्यीकरण संभव नहीं है। 25वें दौर की वार्ता में यही भारतीय दृष्टिकोण प्रमुखता से सामने आया। डोभाल का व्यक्तित्व केवल वार्ताकार का नहीं, बल्कि सुरक्षा रणनीतिकार का है। वे लंबे समय तक खुफिया तंत्र में रहे, विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में काम किया और बाद में खुफिया ब्यूरो के प्रमुख बने। भारत सरकार के अनुसार, उन्होंने पूर्वोत्तर, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और पाकिस्तान से जुड़े सुरक्षा मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। उनकी कार्यशैली में एक उल्लेखनीय संतुलन दिखाई देता है-जहां आवश्यक हो वहां कठोरता और जहां अवसर हो वहां संवाद। उड़ी के बाद की सर्जिकल कार्रवाई, बालाकोट की कार्रवाई, डोकलाम संकट के दौरान कूटनीतिक प्रयास और आंतरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में उनकी भूमिका इसी व्यापक दृष्टिकोण के उदाहरण माने जाते हैं। 2026 में उन्हें लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में उनके योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया।

भारत-चीन संबंधों का सबसे कठिन दौर वर्ष 2020 में गलवान घाटी की हिंसक झड़प के बाद आया। चार वर्षों तक सीमा पर सैन्य तनाव बना रहा। अक्टूबर 2024 में दोनों देशों के बीच सैनिकों की पूर्ण वापसी और संबंधित विवादों के समाधान के बाद संबंधों को धीरे-धीरे पटरी पर लाने की प्रक्रिया शुरू हुई। उसी वर्ष कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात में दोनों नेताओं ने सीमा पर शांति तथा मतभेदों को संबंधों की समग्र दिशा को प्रभावित न करने देने पर जोर दिया था। यही वह बिंदु था जहां डोभाल की भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई। दिसंबर 2024 में विशेष प्रतिनिधि स्तर की बातचीत से शुरू हुई प्रक्रिया अब 25वें दौर तक पहुंची है। इस बार आठ बिंदुओं पर बनी सहमति संकेत देती है कि बातचीत केवल औपचारिकता नहीं रह गई है। सीमा निर्धारण और सीमा प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ तथा कार्य समूहों को सक्रिय करना, वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गलतफहमी रोकने के लिए मौजूदा सैन्य एवं कूटनीतिक माध्यमों का उपयोग और नए संपर्क तंत्र बनाना व्यावहारिक विश्वास निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

भारत-चीन संबंध केवल सैनिक चौकियों और राजनयिक बैठकों तक सीमित नहीं हैं। दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क भी रहा है। कैलाश-मानसरोवर यात्रा की पुनर्बहाली और विस्तार, सीमा व्यापार मार्गों को फिर खोलना तथा लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। 2026 में कैलाश-मानसरोवर यात्रा लिपुलेख और नाथू ला, दोनों मार्गों से संचालित हुई है। 25वें दौर की वार्ता में तीन निर्धारित सीमा व्यापार केंद्रों को फिर खोलने की प्रगति का स्वागत किया गया तथा व्यापार और तीर्थयात्रा को और मजबूत करने पर सहमति बनी। यह छोटा कदम नहीं है। सीमा पर सैनिकों की संख्या घटाना एक सुरक्षा उपाय है, लेकिन सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों के लिए व्यापार और सांस्कृतिक संपर्क बढ़ाना दीर्घकालिक शांति की सामाजिक नींव तैयार करता है।

शी जिनपिंग की संभावित भारत यात्रा एक अवसर भी है, परीक्षा भी है। इसी पृष्ठभूमि में 12-13 सितंबर, 2026 को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर पूरी दुनिया की नजर है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भारत यात्रा की संभावना जताई जा रही है। यदि यह यात्रा होती है तो यह सात वर्षों में उनकी पहली भारत यात्रा होगी। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार उनके साथ लगभग चार सौ अधिकारियों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी आ सकता है। हालांकि 27 अगस्त तक चीन की ओर से उनकी यात्रा की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए शी की संभावित यात्रा को केवल एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भागीदारी नहीं माना जाना चाहिए। यह भारत-चीन संबंधों की वास्तविक दिशा को परखने का अवसर हो सकती है। वर्ष 2019 का चेन्नई संवाद अपेक्षाकृत सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ था, लेकिन उसके एक वर्ष बाद गलवान ने संबंधों को गहरे संकट में डाल दिया। अब यदि शी नई दिल्ली आते हैं तो दोनों देशों के पास उस टूटे हुए विश्वास को सावधानी से जोड़ने का अवसर होगा। लेकिन भारत को उत्साह में अपनी मूल सुरक्षा चिंताओं को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए। अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावे, सीमा निर्धारण का लंबित प्रश्न और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पारदर्शिता जैसी चुनौतियां अभी समाप्त नहीं हुई हैं। इसलिए भारत की नीति मित्रता की आकांक्षा, लेकिन राष्ट्रीय हितों पर कोई समझौता नहीं होनी चाहिए।

डोभाल की विशेषता यही है कि वे संवाद को कमजोरी नहीं बनने देते और शक्ति को टकराव का पर्याय भी नहीं बनाते। उनकी कूटनीति में संदेश स्पष्ट है-भारत शांति चाहता है, लेकिन अपनी सुरक्षा कीमत पर नहीं, सहयोग चाहता है, लेकिन समानता के आधार परय संबंध सुधारना चाहता है, लेकिन सीमा की वास्तविकताओं को भुलाकर नहीं। आज भारत-चीन संबंध जिस मोड़ पर खड़े हैं, वहां डोभाल की भूमिका संकटमोचक से आगे बढ़कर विश्वास-निर्माता और सुरक्षा-आधारित कूटनीति के सूत्रधार की बनती दिखाई देती है।

वार्ड के सेडुराम सैनी कई प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया

निसं

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। नगरपालिका चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 30 से सेडुराम सैनी सहित कई लोगों ने ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। सेडुराम सैनी ने कहा कि कहा कि जनता जनार्दन का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वार्ड के विकास एवं आमजन की सेवा के संकल्प के साथ वे चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड के हर परिवार के सुख-दुख में साथ खड़े रहना और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर रोहिताश जांगिड़, बाबूलाल सैनी, ललित कुमार सैनी, सरदार मल, भंवर लाल सैनी, कैलाश चंद सैनी, शंकर लाल, हीरालाल शास्त्री, सीताराम सैनी, कैलाश चंद, नंदकिशोर, शीशपाल सैनी, रामेश्वर लाल, फूलचंद, देवी सहाय, मूलचंद सैनी, मुरारी लाल सोनी, घासीराम, विनोद चांद, अशोक कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

ब्लड की कमी की जानकारी मिली तो 15 सदस्यों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

सुरेन्द्र शर्मा

झुंझुनू (नवयत्न)। सोशल मीडिया के जरिए बीडीके ब्लड बैंक में रक्त की कमी की जानकारी मिली तो आवाम ग्रुप के सदस्य मदद के लिए आगे आए। सामाजिक सरोकारों से जुड़े आवाम ग्रुप के 15 सदस्यों ने सोमवार को बीडीके ब्लड बैंक पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान कर सदस्यों ने जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए मानवता का संदेश दिया। ग्रुप सदस्यों ने बताया कि सोशल मीडिया पर ब्लड बैंक में रक्त की कमी की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद आवाम ग्रुप के रक्तवीरों ने तत्काल रक्तदान करने का निर्णय लिया और ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। इस दौरान राजेश हरिपुरा, संदीप टंडन, धर्मपाल कृष्णिया, सुनील हालू, अंकित तंवर, कर्मवीर सिरोवा, मदनलाल गुडेसर, देवकरण भूरिया, रविंद्र नयासर, संजय कड़वासरा, अब्दुल अमन, सीताराम बास बुडाना, महेश जसरापुर, उमेश बुडाना, दीपक मेवानी, अजय वर्मा और रवि मौजूद रहे।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राघवेंद्र सुहास ने किए बाबा श्याम के दर्शन

दांतारामगढ़ (नवयत्न)। राजस्थान के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राघवेंद्र सुहास रविवार को प्रसिद्ध धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी पहुंचे। उन्होंने बाबा श्याम के दरबार में पहुंचकर विधिवत दर्शन-पूजन किया और बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर खाटूश्यामजी मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने उनका स्वागत किया। मंदिर कमेटी की ओर से राघवेंद्र सुहास को बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंट किया तथा बाबा श्याम की कृपा एवं आशीर्वाद की कामना की। बाबा श्याम के दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। दर्शन के बाद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने मंदिर की व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।

डॉक्टर पिता की बेटी रिंकी ने हासिल की सफलता, सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में हुआ चयन

खेतड़ी नगर (नवयत्न)। रंवा निवासी मेहाड़ा के संता हॉस्पिटल संचालक डॉ. सुभाष गुर्जर की बेटी रिंकी गुर्जर का एमबीबीएस के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज में चयन हुआ है। रिंकी को पाली के राजकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश मिला है। बेटी के चयन की खबर मिलते ही परिवार में खुशी का माहौल हो गया। डॉ. सुभाष गुर्जर ने बताया कि रिंकी ने पढ़ाई में लगातार मेहनत और लगन बनाए रखी, जिसका परिणाम उसे मेडिकल कॉलेज में चयन के रूप में मिला। सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिलने पर परिजनों और परिचितों ने खुशी जताई। रिंकी के चयन की जानकारी मिलने के बाद रंवा गांव सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों ने उसे बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रिंकी की सफलता से क्षेत्र के विद्यार्थियों में भी उत्साह है। परिजनों ने बताया कि रिंकी आगे चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा करना चाहती है।

वांछित आरोपियों सहित कई लोगों को शांति भंग के आरोप में हिरासत में लिया

रतनगढ़ (नवयत्न)। पुलिस ने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान चलाते हुए एक दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई में अलग-अलग मामलों में वांछित आरोपियों सहित कई लोगों को शांति भंग के आरोप में हिरासत में लिया गया। वहीं गश्त के दौरान एक आरोपी को सट्टा पर्ची लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवक हुए घायल

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। रविवार दोपहर को सारोठिया मालकसर गांव के बीच मोटरसाइकिल बिजली के खम्भे से टकरा गयी, जिससे उस पर सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। जिनको उधर से गुजर रहे निजी वाहन चालक जगदीश कताला चरला, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार आदि की सहायता से सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। गंभीर घायलों मे नरेश और दिलीप निवासीगण सारोठिया के नाम शामिल हैं। सूचना पर सदर थाने के एएसआई छगन लालए हेड कांस्टेबल इंदिरा भी अस्पताल और मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। डॉ नेहा माली, हंसराज, अमित आदि ने घायलों का इलाज किया। स्थिति गंभीर होने के कारण दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसी प्रकार रविवार की शाम को डूंगर रोड पर करणी माता मंदिर के पास मोटरसाइकिल आगे चल रही स्कूटी से टकरा गयी, जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक गोविन्द निवासी मलसीसर गंभीर घायल हो गया। जिसका बगड़िया अस्पताल में उपचार किया गया है।

रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा अवैध हुक्का बार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। मालवीय नगर स्थित गौरव टावर जीटी के पास संचालित कोड ब्लैक बार एंड रेस्टोरेंट में जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने दबिश देकर अवैध रूप से चल रहे हुक्का बार में छापेमारी की है। जहां से पुलिस ने मौके से 10 हुक्के, 10 पाइप, 10 चिलम और तीन पैकेट तंबाकू फ्लेवर जब्त किए। कार्रवाई के दौरान रेस्टोरेंट के मैनेजर को गिरफ्तार किया गया, जबकि हुक्का पीते मिले आठ युवकों के खिलाफ कोटपा एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि गौरव टावर के पास स्थित कोड ब्लैक बार एंड रेस्टोरेंट में रेस्टोरेंट की आड़ में ग्राहकों को अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रेस्टोरेंट पर अचानक दबिश दी। कार्रवाई के दौरान वहां ग्राहकों को हुक्का परोसा जाना पाया गया। पुलिस ने मौके से 10 हुक्के, 10 पाइप, 10 चिलम और तीन पैकेट तंबाकू फ्लेवर जब्त किए। पुलिस ने मौके से रेस्टोरेंट के मैनेजर जितेन्द्र मेहता 32 निवासी गांव केलवाड़ा जिला जिला बारां हाल मैनेजर कोड ब्लैक बार एंड रेस्टोरेंट को गिरफ्तार किया। वहीं मौके पर हुक्का पीते मिले आठ युवकों के खिलाफ भी कोटपा एक्ट के तहत चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है। कि रेस्टोरेंट में कितने समय से अवैध हुक्का बार संचालित किया जा रहा था और इसमें अन्य लोगों की कोई भूमिका थी या नहीं।

शराब की 4 भट्टियां ध्वस्त कर किया 20 हजार लीटर वॉश नष्ट

निसं

जयपुर (नवयत्न)। आगामी चुनावों के मद्देनजर अवैध गतिविधियों और अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शिवदासपुरा थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम डीएसटी जयपुर दक्षिण ने रविवार को करते हुए सीतापुरा बगरिया गांव के खेतों में संचालित हथकढ़ शराब की चार भट्टियों को ध्वस्त कर दिया। मौके पर शराब बनाने के लिए तैयार करीब 20 हजार लीटर वॉश को नष्ट किया गया। साथ ही 80 लीटर हथकढ़ शराब जब्त की गई। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि सीतापुरा बगरिया के खेतों में बड़े स्तर पर अवैध हथकढ़ शराब तैयार की जा रही है। सूचना के आधार पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित किशोर शर्मा के निर्देशन और सहायक पुलिस आयुक्त चाकसू भवानी सिंह के सुपरविजन में संयुक्त टीम गठित की गई। शिवदासपुरा थानाधिकारी राजेश गौतम और डीएसटी प्रभारी विशंभर दयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खेतों में दबिश दी। पुलिस टीम खेतों में पहुंची तो वहां चार भट्टियां चालू हालत में मिलीं। इन भट्टियों पर अवैध रूप से हथकढ़ शराब तैयार की जा रही थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों भट्टियों को ध्वस्त कर दिया। शराब तैयार करने के लिए रखी करीब 20 हजार लीटर वॉश को पुलिस टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके अलावा मौके से 40-40 लीटर क्षमता के दो जरीकेन में भरी कुल 80 लीटर हथकढ़ शराब बरामद हुई, जिसे जब्त कर लिया गया। पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही अवैध शराब बनाने वाले आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस टीम ने आसपास के खेतों और इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया, लेकिन फिलहाल किसी आरोपी की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

घीसाराम फगेड़िया व पत्नी रतनी देवी का एक साथ निधन

निसं

दांतारामगढ़ (नवयत्न)। निकटवर्ती ग्राम चंदेली का बास में रविवार को उस समय शोक की लहर छा गई, जब वरिष्ठ नागरिक घीसाराम फगोड़िया 83 और उनकी पत्नी रतनी देवी 80 का रात में एक साथ निधन हो गया। दंपति के एक साथ निधन की खबर से परिवारजन एवं ग्रामीण स्तब्ध रह गए। परिजनों के अनुसार दोनों का निधन रात के समय हुआ। रविवार को प्रात: 11 बजे परिवारजनों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनों का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों ने नम आंखों से दंपति को अंतिम विदाई दी और रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं। ग्रामीणों ने बताया कि घीसाराम फगोड़िया और रतनी देवी सरल एवं सहज स्वभाव के थे तथा गांव में उनका सम्मानजनक स्थान था। दंपति के एक साथ निधन से गांव में शोक का माहौल है।

एक किलोमीटर की परिधि में कोई घर नहीं, फिर भी स्कूल में नामांकन 195

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढाणी ढिंकला, बाघसरा आथुणा जो कि सुजानगढ शहर से से 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इस विद्यालय के एक किलोमीटर की परिधि में कोई ढाणी या घर नहीं है। इस विद्यालय में छात्रों की पढ़ाई का स्तर और भौतिक संशाधन इतने हैं कि इस विद्यालय में 2 से 4 किमी की दूरी से लगभग 60-70 ढाणियों के बच्चे पैदल ही विद्यालय में आते हैं। इस विद्यालय के सभी बच्चों को बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध है। और सभी कमरें, विद्यालय परिसर अच्छी शिक्षण सामग्री से सुसज्जित हैं। छात्रों को स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाया जाता है। पढ़ाई का स्तर भी बहुत अच्छा दूसरी कक्षा के अधिकांश बच्चों को हिन्दी कि किताब पढ़ना आता है, 15 से 20 तक पहाड़ें आते है, अंग्रेजी में स्पेलिंग आती है। सभी कक्षाओं में पढ़ाई का स्तर अच्छा पाया गया। संस्था प्रधान जगदीश प्रसाद कोठारी की अथक मेहनत और प्रयासों की बदौलत स्कूल में सभी संशाधन उपलब्ध हैं और नामांकन भी 195 का है। संस्था प्रधान की प्रेरणा से विद्यालय में भामाशाहों की सहायता से लाखों रूपये का कार्य करवाया गया है। ग्रामीणों और भामाशाहों के सहयोग से विद्यालय का भौतिक विकास हुआ, विद्यालय स्टाफ की मेहनत से पढ़ाई का स्तर अच्छा होने से अभिभावकों का विश्वास बना। इस कारण विद्यालय में 3 से 4 किमी दूर से भी बच्चे पढ़ने आते हैं। एसीबीईओ धर्मसिंह मीना ने बताया कि विद्यालय सम्बलन के लिए विद्यालय आया तो पहले तो विद्यालय भवन की सुन्दरता और सभी संशाधनों को देखकर अच्छा लगा और जब बच्चों से पढ़ाई के बारे में बात की और दूसरी कक्षा के बहुत से बच्चे अच्छे से हिन्दी की किताब पढ़ रहे थे, स्पेलिंग और पहाड़े सुनाये तो मन बहुत प्रसन्न हुआ।

खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्राचार्य विनीता चौधरी के निर्देशन में एवं खेल प्रभारी प्रोफेसर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ कर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विधार्थियों ने बॉलीबॉल, दोड़, बैडमिंटन इत्यादि खेल प्रतियोगिताओं में रूचि दिखाई। इस अवसर पर अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे।

घर के बाहर खड़ी बाइक चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। आरोपी से वाहन चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वालो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपित मुकेश कुमार मीणा 18 निवासी टोडाभीम जिला करौली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसके कब्जे से चोरी की गई हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद होने पर उसे जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है। कि पूछताछ में वाहन चोरी की अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।

कमल कुमार अध्यक्ष, मनोज शर्मा बने मंत्री

निसं

सुजानगढ़ (नवयत्न)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ खण्ड, सुजानगढ़ का वार्षिक अधिवेशन एवं खण्ड निर्वाचन राजकीय सुजानगढ़ नागरिक परिषद उमावि सुजानगढ़ में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि रणजीत सिंह भींचर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, विभाग संगठन मंत्री रामेश्वर लाल खीचड़, चुनाव पर्यवेक्षक एवं खण्ड पालक बनवारी लाल, अतिरिक्त ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला संगठन मंत्री धर्मसिंह मीणा ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विमर्श रखते हुए शिक्षकों की वर्तमान समाज में चूनौतिपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। निर्वाचन में अध्यक्ष कमल कुमार जाखड़, मंत्री मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष हरिकेश वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौतम सिंह तंवर, उपाध्यक्ष पुरूष कमल कुमार स्वामी, उपाध्यक्ष महिला मोनिका झूरिया, महिला मंत्री वन्दना चौधरी, अध्यापक सदस्य रामगोपाल शर्मा, वरिष्ठ अध्यापक सदस्य अक्षय मिश्रा, प्राध्यापक सदस्य अभिषेक चौधरी, प्रधानाचार्य सदस्य रामावतार शर्मा, शारीरिक शिक्षक सदस्य भागीरथ गोदारा, महिला शिक्षिका सदस्य सरोज मीणा, प्रयोगशाला सहायक अनिल लाम्बा, सेवानिवृत्त शिक्षक सदस्य जगदीश प्रसाद सैन, कम्प्यूटर शिक्षक मनीष प्रजापत, पंचायत शिक्षक जीवणदान देवल सहित जिला महासमिति सदस्यों के रूप में रणजीत सिंह, मदनलाल गुर्जर, रंजन अत्रि, गोवर्धन लाल जान्दू, मेहताब सिंह, और देवी सिंह का चयन किया गया। इस अवसर पर माया चौधरी, कमलेश चौधरी धनराज सिंगोदिया, लक्ष्मीनारायण सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे, जिन्होंने नव पदाधिकारियों का स्वागत किया।

राजस्थान की शाही विरासत को ग्लोबल इवेंट डेस्टिनेशन बनाने पर मंथन

निसं

जयपुर (नवयत्न)। राजस्थान की शाही विरासत अब पर्यटन के साथ-साथ देश-दुनिया की वेडिंग और इवेंट इंडस्ट्री के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रही है। प्रदेश के किले-महल] समृद्ध संस्कृति] लोक कलाए परंपराएं और शाही आतिथ्य डेस्टिनेशन वेडिंग से लेकर बड़े कॉर्पोरेट और इंटरनेशनल इवेंट्स के लिए नई संभावनाएं पैदा कर रहे हैं। इसी दिशा में राजस्थान की इवेंट इंडस्ट्री को एक मंच पर लाने और प्रदेश को ग्लोबल वेडिंग एवं इवेंट डेस्टिनेशन के रूप में मजबूत पहचान दिलाने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स फोरम का 13वां वार्षिक कन्वेंशन इवेंटस्थान 2026 शुरू हुआ। 30 और 31 अगस्त को टोंक रोड स्थित होटल अनंतरा ज्वेल बाघ जयपुर में आयोजित हो रहे कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन में देशभर से 400 से अधिक इवेंट मैनेजर्स और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स शामिल हुए। उद्घाटन फोरम के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रताप शर्मा, हरप्रीत बग्गा, मोहित माहेश्वरी, इवेंट गुरु अरशद हुसैन और इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन ईमा के अध्यक्ष दीपक चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। फोरम प्रेसिडेंट हितेन्द्र शर्मा ने बताया कि कन्वेंशन का उद्देश्य राजस्थान की इवेंट इंडस्ट्री को एकजुट कर नए अवसरों पर चर्चा करना और बदलते दौर के अनुरूप इंडस्ट्री को नई दिशा देना है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और आतिथ्य को आधुनिक इवेंट मैनेजमेंट से जोड़कर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख वेडिंग और इवेंट डेस्टिनेशन बनाया जा सकता है। फोरम सेक्रेटरी भुवनेश अग्रवाल ने बताया कि कन्वेंशन में ग्राजस्थान-ट्रेडिशन से ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं, कला, शिल्प, लोक संस्कृति और ऐतिहासिक पहचान को आधुनिक सोच, नवाचार और बदलते कारोबारी अवसरों से जोड़ने की आवश्यकता पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि राजस्थान की विरासत को आधुनिक इवेंट मैनेजमेंट, टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी और क्रिएटिव इंडस्ट्री के साथ जोड़कर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर प्रमुख वेडिंग एवं इवेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया जा सकता है। सत्र में इवेंट इंडस्ट्री में तकनीक के बढ़ते उपयोग, नए बिजनेस मॉडल, डेस्टिनेशन वेडिंग, बदलती ग्राहक अपेक्षाओं और युवा प्रोफेशनल्स के लिए उभरते अवसरों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वरिष्ठ दिग्गजों ने अपने अनुभव साझा किए, वहीं युवा इवेंट मैनेजर्स को आपसी नेटवर्किंग और नए कारोबारी अवसर तलाशने का मंच मिला। इवेंटस्थान 2026 में ज्ञानवर्धक सत्रों और इंडस्ट्री डिस्कशन के साथ मनोरंजन का भी शानदार संगम देखने को मिला। पुरु लाइव बैंड की जोशीली और शानदार म्यूजिकल परफॉर्मेंस ने कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह भर दिया। लाइव प्रस्तुति पर मौजूद इवेंट प्रोफेशनल्स ने जमकर आनंद लिया। संगीत की धुनों से पूरा माहौल जीवंत और संगीतमय हो उठा। आयोजकों के अनुसार, कन्वेंशन के माध्यम से राजस्थान में वेडिंग, टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी और इवेंट सेक्टर में उपलब्ध संभावनाओं पर मंथन के साथ नई पीढ़ी के प्रोफेशनल्स को इंडस्ट्री के अनुभवी लोगों से सीखने और नेटवर्किंग का अवसर मिला। दो दिवसीय इवेंटस्थान 2026 को राजस्थान की इवेंट इंडस्ट्री को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण मंच माना जा रहा है।

युवती को गोली मारकर हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। सांगानेर सदर थाना इलाके के रीको सीतापुरा स्थित इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में 26 अगस्त की शाम युवती को गोली मारकर हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी युवती की बहन का सगा देवर है। और वह युवती पर शादी करने के लिए दबाव बना रहा था। युवती के इनकार से नाराज होकर आरोपी ने उसे अकेला पाकर सीने में गोली मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया देशी कट्टा और मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आकाश शाक्य 27 निवासी बसेड़ी जिला धौलपुर है। पुलिस आरोपी से हथियार की खरीद और वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं के संबंध में पूछताछ कर रही है। सांगानेर सदर थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा के अनुसार 26 अगस्त 2026 की शाम जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि रीको सीतापुरा के इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में एक युवती को गोली मार दी गई है। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल युवती को उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल, सीतापुरा में भर्ती कराया गया था। सूचना मिलते ही सांगानेर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने एफएसएल मोबाइल यूनिट को मौके पर बुलाकर घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और घायल युवती के स्वास्थ्य की जानकारी ली। परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। वहीं इस वारदात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए आरोपी आकाश शाक्य को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त देशी कट्टा और मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आकाश शाक्य घायल युवती की बहन का सगा देवर है। इसी रिश्तेदारी के कारण दोनों की पहले से जान-पहचान थी। आरोपी युवती से शादी करना चाहता था और उस पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। हालांकि युवती अपने परिजनों के खिलाफ जाकर आरोपी से शादी करने के लिए तैयार नहीं थी। युवती द्वारा लगातार शादी से इनकार किए जाने से आरोपी नाराज था। पुलिस के अनुसार, इसी रंजिश में आरोपी ने देसी कट्टा खरीदा और 26 अगस्त की शाम युवती को अकेला पाकर उसके सीने में गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही वारदात में इस्तेमाल हथियार और मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। हथियार आरोपी तक कैसे पहुंचा और उसने इसे कहां से खरीदा, इस संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है। घायल युवती का महात्मा गांधी अस्पताल, सीतापुरा में उपचार जारी है।

रैपिडो बाइक राइडर को बुकिंग के बहाने बुलाकर लूटपाट करने वाला का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

निसं

जयपुर (नवयत्न)। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने रैपिडो बाइक राइडर को बुकिंग के बहाने बुलाकर उसके साथ मारपीट कर नकदी, मोबाइल और बाइक लूटने के मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी पुलिस के टॉप.10 वांछित अपराधियों में शामिल है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर लूटी गई बाइक बरामद कर ली है। वारदात में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि शिवदासपुरा थाना पुलिस ने रैपिडो बाइक राइडर को बुकिंग के बहाने बुलाकर उसके साथ मारपीट कर नकदी, मोबाइल और बाइक लूटने के मामले का मुख्य आरोपित विनोद कुमार मीणा 24 निवासी कोटखावदा जयपुर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर लूटी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। आरोपी विनोद कुमार मीणा शातिर अपराधी है और उसके खिलाफ पूर्व में कोटखावदा, विश्वकर्मा और शिवदासपुरा भी चोरी, मारपीट और लूट सहित कई मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने लूटा गया मोबाइल अपने साथी रोहित मीणा के पास होना बताया है। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस आरोपी से वारदात में शामिल अन्य लोगों और लूट की अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है। शिवदासपुरा थानाधिकारी राजेश गौतम ने ब ताया कि परिवादी विनोद चौधरी ने 8 मई 2026 को शिवदासपुरा थाने में मामला दर्ज कराया था कि वह अपनी बाइक को रैपिडो में चलाता है। 8 मई की रात उसे कुनाल नाम से बुकिंग मिली। बुकिंग के अनुसार वह शिव नगर, मारको की ढाणी, वसुंधरा कुटुंब के पास, बास बीलवा पहुंचा। वहां दो युवक मिले। विनोद ने जैसे ही उनसे राइड का ओटीपी मांगा, एक युवक ने लकड़ी से उसके सिर और हाथ पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। इसके बाद दोनों बदमाश उसकी जेब से 2100 रुपए नकद, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गए। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता और सूचना तंत्र के आधार पर तलाश करते हुए आरोपित को धरकृदबोचा।

बाइक चुराने वाला शातिर गिरफ्तार

जयपुर (नवयत्न)। मुहाना थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम डीएसटी साउथ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के मामले में एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में वाहन चोरी की करीब आधा दर्जन वारदातें करना स्वीकार किया है। आरोपी से अन्य मामलों के संबंध में पूछताछ जारी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि पुलिस ने आरोपी की पहचान इंद्र सिंह राजपूत 28 निवासी जामडोली जयपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में वाहन चोरी की अन्य वारदातों का भी खुलासा होने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190